दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-UPBIL/2021/83001


वर्ष :- 03 अंक :- 40 मुरादाबाद, 30 May 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## असम के लिए पहली वंदे भारत को PM ने दिखाई हरी झंडी, बोले- राज्य के पर्यटन क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वोत्तर के लोगों के लिए आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से असम के लिए पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। देश के अलग हिस्सों में शुरू होने के बाद पूर्वोत्तर राज्य असम को भी सोमवार को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से असम में पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। बता दें, उत्तर-पूर्व की ओर जाने वाली वंदे भारत पश्चिम बंगाल में न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन और असम में गुवाहाटी के बीच चलेगी।प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि आज असम सहित पूरे उत्तर पूर्व की रेल कनेक्टिविटी के लिए एक बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस यहां रहने वाले लोगों के जीवन को आसान बनाएगी और इससे राज्य के पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। पीएम ने कहा कि बीते 9 साल, भारत के लिए अभूतपूर्व उपलब्धियों के रहे हैं। नए भारत के निर्माण के रहे हैं। कल ही देश को आजाद भारत की भव्य-दिव्य आधुनिक संसद मिली है। ये भारत के हजारों वर्ष पुराने लोकतांत्रिक इतिहास को हमारे समृद्ध लोकतांत्रिक भविष्य से जोड़ने वाली संसद है। उन्होंने आगे कहा कि आज असम सहित पूरे उत्तर पूर्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। उत्तर पूर्व की कनेक्टिविटी से जुड़े तीन काम हो रहे हैं। उत्तर पूर्व को पहली मेड इन इंडिया वंदे भारत मिल रही है। दूसरा ये पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली तीसरी वंदे भारत है और असम और मेघालय के लगभग 425 किमी ट्रैक पर विद्युतीकरण का काम पूरा हो गया है। वहीं, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज से 10 साल पहले तक नॉर्थ ईस्ट के बारे में केवल लूक ईस्ट की पॉलिसी होती थी। पीएम मोदी ने आकर उसको बदला और एक्ट ईस्ट की पॉलिसी लेकर आए। उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट में अब वंदे भारत ट्रेन आपको सेवा देगी। वर्ल्ड क्लास ट्रेन, जिसकी हम पहले विदेशों की वीडियो देखा करते थे वह अब हमारे देश में आपकी सेवा में है। उद्घाटन से पहले पीएम मोदी ने कहा था कि ट्रेन पर्यटन को बढ़ावा देगी और पूर्वोत्तर में सामाजिक-आर्थिक विकास को समृद्ध करेगी। 29 मई, दोपहर 12 बजे असम की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने को लेकर खुशी हो रही है। यह अत्याधुनिक ट्रेन गति, आराम और बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। पीएमओ ने कहा कि अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस क्षेत्र के लोगों को गति और आराम के साथ यात्रा करने का साधन प्रदान करेगी और इससे क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। गुवाहाटी को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली यह ट्रेन वर्तमान की सबसे तेज गाड़ी की तुलना में यात्रा के समय में लगभग एक घंटे की बचत करने में मदद करेगी। अधिकारी ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रा को 5 घंटे 30 मिनट में तय करेगी, जबकि वर्तमान सबसे तेज ट्रेन उसी यात्रा को तय करने में 6 घंटे 30 मिनट का समय लेती है। मंगलवार को इस ट्रेन की कोई सेवा नहीं होगी। यह नई सेवा गुवाहाटी और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच 411 किमी की दूरी 5 घंटे 30 मिनट में तय करेगी, जिससे सबसे तेज गति वाली ट्रेन द्वारा वर्तमान में सबसे कम यात्रा समय काफी कम हो जाएगा। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा सप्ताह में छह दिन संचालित होगी और यह इस क्षेत्र की सबसे तेज ट्रेन होगी और इससे आईटी पेशेवरों, कारोबारियों, छात्रों और पर्यटकों को फायदा होगा। इससे यात्रा में लगने वाले समय को कम करने के साथ प्रदूषण मुक्त परिवहन प्रदान करने में भी मदद मिलेगी

## एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत, तीन घायल



यूपी के कन्नौज जिले में हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। साथ ही तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कन्नौज जिले के तिर्वा में भीषण सड़क हादसा हुआ। लखनऊ में शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे परिवार की कार एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में दंपती समेत चार की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसा चालक को झपकी आने के कारण हुआ।औरैया जनपद के एरवाकटरा थाना क्षेत्र के शेखपुरवा गांव निवासी कृष्ण मुरारी (58) अपने परिवार के साथ रविवार को लखनऊ में हुई एक शादी में शामिल होने गए थे।

सोमवार को वह कार से पूरे परिवार के साथ घर आ रहे थे। कार में उनके साथ पत्नी आशा देवी (52), बेटा राहुल (32), उसकी पत्नी लक्ष्मी (30), राहुल का आठ वर्षीय बेटा अयांश के अलावा दूसरा बेटा रामजीवन (25) और बेटी सोनम (15) भी सवार थी। कार राहुल चला रहा था। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे जैसे ही उनकी कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के फगुहा भट्ठा के पास 195 किलोमीटर पर पहुंची, तभी राहुल को झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कृष्णमुरारी, पत्नी आशा देवी, बेटे राहुल व पोते अयांश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बहू लक्ष्मी, बेटी सोनम व दूसरा बेटा रामजीवन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा की टीम ने आनन-फानन घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने तीनों घायलों को कानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने चारों शवों को मोर्चरी में रखवा दिया। साथ ही मृतक के परिजनों की घटना की जानकारी दी।

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा : सोशल मीडिया का कोई दायरा नहीं, दुनिया में पहुंचाएं बदलते भारत की तस्वीर



सीएम योगी ने कहा कि प्रिंट मीडिया का सीमित दायरा होता है, लेकिन सोशल मीडिया का कोई दायरा नहीं होता है। ऐसे में आप सभी पिछले 9 वर्षों में बदलते भारत की तस्वीर को सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के साथ वायरल कर सकते हैं।करीब 20 साल पहले प्रिंट मीडिया का बोलबाला था। फिर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आया। उस समय इसकी संख्या बहुत कम थी, फिर धीरे-धीरे इसकी संख्या में बढ़ोतरी हुई। वहीं पिछले सात आठ वर्षों में सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया का तेजी से प्रचार-प्रसार हुआ। पहले जहां लोग सुबह न्यूज पेपर पढ़कर देश-विदेश की गतिविधियों से रूबरू होते थे, वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से अब देश-दुनिया की पल-पल की खबर लोगों तक पहुंच रही है। इसे स्मार्ट फोन ने और आसान बना दिया है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल भी किया जा रहा है। ऐसे में डिजिटल क्रांति में वही ठहर पाएगा, जो इसका सही इस्तेमाल करेगा। बाकी तो आते-जाते रहेंगे। इसके लिए अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखना सबसे अहम है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) में आयोजित सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स को सोशल मीडिया संवाद कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। सोशल मीडिया पर पोस्ट से पहले एनालिसिस जरूरी - सीएम योगी ने कहा कि प्रिंट मीडिया का सीमित दायरा होता है, लेकिन सोशल मीडिया का कोई दायरा नहीं होता है। ऐसे में आप सभी पिछले 9 वर्षों में बदलते भारत की तस्वीर को सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के साथ वायरल कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का वैश्विक मंच भारत की प्रतिष्ठा और विरासत का सम्मान हो रहा है। इसमें सोशल मीडिया की भी अहम भूमिका रही है। सोशल मीडिया का ही नतीजा है कि चीन में आज योग की सबसे ज्यादा क्लासेस लग रही हैं। इतना ही नहीं आयुष दुनिया में छा गया है, लोग आयुर्वेद के पीछे भाग रहे हैं जबकि 9 वर्ष पहले देश के राजनयिक संबंधों और कूटनीतिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने में कितनी परेशानी आती होगी, यह बात केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी से अच्छी तरह भला कौन जान सकता है। वहीं आज ऐसी स्थिति नहीं है। आज दुनिया भारत के सामर्थ्य को देखने आ रही है, जिसे हमें सोशल मीडिया के माध्यम से वैश्विक स्तर पर पहुंचाना होगा। इसके लिए हमें एनालिसिस करना होगा ताकि हम जो दुनिया को दिखा रहे हैं उसकी विश्वसनीयता और प्रमाणिकता बनी रहे। ताकि दुनिया को पता चले डबल इंजन की सरकार तुष्टिकरण नहीं सशक्तिकरण के लिए है सीएम योगी ने कहा कि वैश्विक मंच पर बढ़ती भारत की प्रतिष्ठा, देश के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, गरीब कल्याणकारी योजनाओं समेत महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए गए बेहतर कदमों को सोशल मीडिया के माध्यम से हाईलाइट कर सकते हैं। इससे हम देश दुनिया से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ सकते हैं। उन्हें सही तथ्यों से अवगत करा सकते हैं क्योंकि हम उन्हे जो मैटेरियल देंगे तो उसे ही लोग स्वीकार करेंगे इसलिए उसकी प्रमाणिकता जरूरी है ताकि अगर वह कहीं से उस तथ्यों को क्रॉस चेक करे तो उन्हें सही जानकारी मिले। इससे आपकी विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। सीएम योगी ने कहा कि आपने एग्जिट पोल में देखा होगा, जो जमीनी धरातल पर कार्य करता है उसका ही आकलन सही होता है। प्रदेश में 6 वर्षों में 54 लाख गरीबों को आवास दिये गये। उनके आधे-आधे मिनट के वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करें ताकि दुनिया को पता चल सके एक योजना आर्थिक स्वावलंबन का कैसे आधार बनी। यह महज एक उदाहरण है। सोशल मीडिया पर इस तरह की योजनाओं को वायरल करने से बड़ी संख्या में लोगों के जीवन में परिवर्तन आ सकता है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुस्लिम आबादी 19 से 20 फ़ीसदी होगी जबकि योजनाओं में मुस्लिम लाभार्थियों की संख्या 35 फ़ीसदी थी, जो यह दर्शाता है कि सरकार बिना किसी भेदभाव के सबको विकास से जोड़ रही है। इस असलियत को सोशल मीडिया के माध्यम से दुनिया के सामने लाना चाहिये ताकि जो लोग वैश्विक मंच पर देश को बदनाम करने की कोशिश करते हैं उनका मुंह बंद हो जाए। दुनिया को यह पता चले कि डबल इंजन की सरकार तुष्टिकरण नहीं करती है बल्कि हर नागरिक के सशक्तिकरण के लिए कार्य करती है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल और बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया मौजूद रहे।

## संपादकीय Editorial

# Kangra in Govt.

Chief Minister Sukhwinder Sukhu's visit amidst the political questions of Kangra wants to be synonymous with marking the commitment of development and in this sense it can add a new dimension to the earlier migration practice. Kangra still has a pain in its chest from the time when this region was a part of Punjab. Even today, the waves of pain arising in the Pong reservoir make it clear that at least the politics blinded in that monsoon should see this reality as well. When the same pain was divided into upper and lower or old and new Himachal, Kangra became old only by changing governments. Chief Minister Sukhwinder Sukhu, who has now declared himself as Kangra, wants to write such a lot bypassing the crippled traditions of the past, which in the freshness of resolutions can hand over some rights, priorities and embodiment of Himachali prosperity to this region. At least there was an echo of development in the Chief Minister's Dharamshala camp. This is a kind of laboratory where a model of development is being prepared, but on the other hand, politics has its own wheels which often come face to face with quagmire.

As much as the screw of cabinet expansion seems easy to see from Delhi-Shimla, its political implications become difficult after coming to Kangra. In the period of long meetings in Dharamshala, why did the people who were looking for the lamps keep on extinguishing? Of course, some new towers were visible from a distance, but the faces on which Kangra is proud, remained somewhere behind. It is noteworthy that the Chief Minister has included and addressed the entire tour in testimony to his keen eye on the development of Kangra. The government wants to sign development by coming to Kangra, at least this message is getting transformed. If it is called head-to-head, then the Chief Minister himself is monitoring its progress while making the expansion of Kangra airport imperative. For the first time, along with opening the closed doors of Kangra, a Chief Minister is also opening the windows of economic upliftment of the region. How much he can see from the eyes of Kangra on his promised land, before that it has to be accepted that Sukhu has definitely started trying to send development elephants to this side. The expansion of Kangra Airport can act as a catalyst to enhance the economy of the entire Himachal Pradesh and along with this, if the projects of tourism and IT industry are also implemented, then the way for self-reliance of the state will be paved. Can take, provided institutions like the Asian Development Bank keep faith in us for their financial support. It may be considered easy for the government to raise financial resources, but the machinery to make them successful will also have to be strengthened. Today growing tourism is either stuck in traffic jams or the destination is struggling with parking problem. Every tourist destination needs a lot of effort on its traffic control and infrastructure to solve the parking problem along with tourism projects. Even if the Chief Minister himself does not consider it as Kangra stay, but Sukhu government's sitting in Dharamshala for a few days, addressing the meeting and presenting the future map to the public says a lot. Even if the government's inclination towards Kangra becomes self-evident on the development front, some ministers from this region will also have to sit on the other side to balance it. The geographical, political and social meaning of the players who will be able to choose in the selection of 11 members as Chief Minister from Kangra will come to the fore. In the tour so far, only the Chief Minister is visible and it is waiting that Kangra will be seen in full in the government in future.

# Modi's stature on the world stage is reflected in his recent travels, discussions on turning personal relationships into art

Recently, the respect Prime Minister Narendra Modi received in Japan, Papua New Guinea and Australia and the way foreign leaders praised him, is the proof of his stature and image on the world stage. Modi has turned personal relationships into an art form in diplomacy. Prime Minister Narendra Modi needed the kind of respect and warmth he received in Japan, Papua New Guinea and Australia after his crushing defeat in the Karnataka assembly elections. From the praise of Narendra Modi by the leaders of America, Australia and Papua New Guinea, it seemed that they are competing with each other in the use of words. US President Biden himself came to meet Modi at the G-7 meeting in Hiroshima and jokingly said that he wanted his autograph. Biden's attitude towards Modi is a testimony to the immense popularity of our Prime Minister among those Indians living in America, who would like to attend in large numbers the dinner organized in his honor in Washington during Modi's visit to America next month. In Hiroshima, Biden also underlined Modi's contributions, saying, 'If you showed seriousness in the field of climate change, you also affected the Indo-Pacific.' Prime Minister of Papua New Guinea received Modi at the airport and greeted him by touching his feet as per the Indian tradition. Describing Modi as a world guru and leader of the Global South, he urged him to voice the issues and concerns of small countries like him on the world stage. Modi was the first Indian prime minister to visit Papua New Guinea and such is the strategic importance of the tiny country that the US recently signed a security pact with to contain China. China had signed an agreement last year to set up its naval base on the Solomon Islands. Prime Minister Narendra Modi met the Prime Minister of Fiji, who conferred the highest civilian award on him, while the Governor General of Papua New Guinea conferred the highest civilian decoration on him during his visit to Port Moresby. In contrast to China's hegemonic attitude, Prime Minister Modi spoke of partnership and said, 'We are ready to share our capabilities and experiences with you without any hesitation. Be it digital technology or space science, healthcare or food security, climate change or environmental protection, we are with you.' The way Modi was welcomed like a rock star in Sydney, Australia, it was reminiscent of Modi's reception at Madison Square Garden in America. In his speech, Modi talked about the achievements of his government in nine years in his familiar style. He said that the transformation of new India is taking place. The eyes of the world are on India, which wants to know what India is thinking. Modi is unquestionably the most effective brand ambassador of the new India he is building and which will become a vocal voice on global issues, and especially of the Global South. According to Modi, mutual trust and respect are the strong pillars of the India-Australia relationship, which is driven forward by three C's (Commonwealth, Cricket and Curry), three D's (Democracy, Diaspora and Friendship) and three E's (Energy, Economy and Education). have increased. Australian Prime Minister Albanese called Modi 'Boss', so during the conversation Modi drew his attention to the attacks on Indian temples happening there. Japan's prime minister sought closer ties with the emerging economies of the Global South by inviting India, Brazil, Indonesia and Vietnam to the G-7 summit. The G-7, led by the US, is a grouping of predominantly Western economies, with Japan being the only non-Western country. On welcoming the Prime Minister after his return home, External Affairs Minister S Jaishankar, who accompanied him on the three-nation tour, said, "In my diplomatic career of forty-five years, I have never seen any other leader being greeted so enthusiastically." What can be a bigger proof of Modi's charismatic image than that in Pakistan where the government and people say hundreds of things against India, the media and youth there are overwhelmed by Modi's achievements and are comparing their leaders with him! What is the secret of Narendra Modi's magic? In fact, with his leadership ability, he has made people his followers. People look up to a leader who exudes confidence and leads from the front; Who not only works continuously, but also changes the lives of innumerable poor people with his policies; One who not only combats foreign aggression, but also leads the country efficiently during a disaster like Kovid-19. Before becoming the Prime Minister, Modi did not travel much abroad, but today he is the Indian Prime Minister who has traveled abroad the most. Easily communicate and interact with their foreign counterparts at meetings and global fora. In diplomacy, he has turned personal relations into an art in such a skill that even if the person in front is of a completely different nature, he makes a warm relationship with them. After Barack Obama and Donald Trump, he has the same relation with Joe Biden. His relationship with British Prime Minister Rishi Sunak is similar to that of his two predecessors - David Cameron and Boris Johnson. Albany like former Australian Prime Minister Tony Abbott He has good relations with J. Modi's relationship with Japanese Prime Minister Kishida is filled with the same respect and trust as with former (late) Prime Minister Shinzo Abe. Nowadays, there is not only a lot of talk about democracy and totalitarian rule, but Modi and Biden have told about how democracy works in the interest of the people. In the world's largest democracy, citizens and politicians should not take the law into their own hands. Instead the rule of law should be allowed to flourish.

# Helplessness: Forced shoulders and blunt sensations, create some imagination

If a father is forced to carry the dead body of his child on a motor cycle, cycle or cart, then his pain can only be imagined! An incident that shocked humanity came to light from Shahdol, a tribal-dominated area of Madhya Pradesh. Here a father had to carry his daughter's dead body on a bike. Because, the hospital refused to give an ambulance. What a heart-wrenching sight it must have been for the father who first suffered the pain of the death of his 13-year-old daughter, then could not even find the means to take her dead body home. The incident is of Kota village in Shahdol district. Madhuri Gond, 13, who was suffering from sickle cell anemia, died in the hospital. When the picture of the father carrying the dead body on the bike went viral on the social media, the eyes of the administration opened. On getting information about the incident, Collector Vandana Vaidya herself reached there and arranged for the dead body. The question arises, when such a scene goes viral on social media, does the administration wake up? Even before this, many times in Shahdol, sad pictures of dead bodies being carried on cots, sometimes on wooden slabs and sometimes on cycles have been coming to the fore. Can't the government make such arrangements for the poor that they don't have to face anyone under compulsion? Certainly it will be considered as the cruelty of the hospital management, which could not understand the pain of a poor.

The government of Madhya Pradesh, which is said to be well-wisher of the public, when the poor sections of the same state are deprived of their rights, then it is bound to point fingers at the governance and administration. Who would have forgotten the incident of Madhya Pradesh's Morena a few months ago, when a photograph of the dead body of a two-year-old brother in the lap of an eight-year-old child came to the fore. The video of Morena's Ambah also went viral. Actually, this is the culmination of the blunting of our senses. Now my heart doesn't hurt after seeing such scenes, but imagine what must have gone through the heart of that 8-year-old child.

Who had the dead body of his younger brother in his lap, with whom he would have many memories attached. Carrying a burden more than his age, that innocent child must be seeing and thinking about the helplessness of his father and expecting help from the world. Seeing this incident again today, the pain of that helpless father is burning in his eyes. Madhya Pradesh is called the heart of the country. But, now our human sensibilities are also turning cruel on such painful scenes. Are our sensibilities limited to posting and commenting only on social media! Couldn't someone have arranged an ambulance for that father by showing generosity. This is not the first and not the last heartwarming picture of the country. But, questions are bound to be raised on the weakening human values and trust arising from governance. Today we take pride in the big buildings.

Human civilization boasts of being at the pinnacle of its development, but even after these heights, when we talk about human level and sensibilities. Then you find yourself at the lowest level as a human being. Even if a big man's dog becomes ill, it becomes headlines. But, no one sees the pain of a poor person. Today human sensibilities have also become like government system. One who neither sees nor hears anything. If we talk about the leadership system, then this incident might not matter for him. Because, the pain of the poor is neither heard nor seen by the government. For him, believe that the weather of the village is pink in his files, but who will tell him that these figures are false, these claims are bookish. In such a situation, the day our leadership system will understand the pain of the poor, that day the country will touch the heights of development in true sense.

# मण्डलायुक्त ने मेधावी छात्र/छात्राओं एवं प्रधानाचार्यों को किया सम्मानित




मुरादाबाद -मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज कमिश्नरी सभागार में मेधावी छात्र-छात्राओं एवं प्रधानाचार्यो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कमिश्नर द्वारा दीप प्रज्जवन कर किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि यह समय बच्चों के सही दिशा के लिए सही मार्गदर्शन का होना जरुरी है, यदि उन्हें सही मार्गदर्शन नही मिलता है तो वह अपने मार्ग से भटक जाते हैं। इसलिए हम सबका दायित्व बनता है कि बच्चों को हमेशा सही मार्ग के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बच्चों से कहा कि मुझे विश्वास है आप में से कुछ बच्चें आने वाले समय में मेरी तरह उद्बोधन कर रहें होंगे।

कार्यक्रम में हाईस्कूल यू0पी0 बोर्ड में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान व प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रगति पाण्डे, जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त अंचल सैनी, जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त जतिन कुमार एवं कार्तिकेय सहरावत, जनपद में चैथा स्थान प्राप्त सांची विश्नोई तथा जनपद में 5वां स्थान प्राप्त निक्क्षित शर्मा को मण्डलायुक्त ने सम्मानित किया। इसी प्रकार से इंटर में यूपी बोर्ड में जनपद में प्रथम स्थान व प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त गानियां अख्तर एवं आफिया परवीन, जनपद में दूसरा स्थान व प्रदेश में 7वां स्थान प्राप्त उन्नति सिंह, जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त अलीशमा परवीन, हेमंत सिंह एवं हर्षित पोरवाल, जनपद में चैथा स्थान प्राप्त प्रियांशी राघव, जनपद में पांचवा स्थान प्राप्त वासु, सुम्बुल सिद्दीकी एवं पीयूष कुमार को भी मण्डलायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में हाईस्कूल में सीबीएसई बोर्ड में जनपद प्रथम स्थान प्राप्त कोशा शर्मा, दूसरा स्थान प्राप्त माही अग्रवाल, तृतीय स्थान स्थान प्राप्त मो0 फहद, फातिमा राशिद, गरिमा सिंह एवं अर्श अग्रवाल सहित जनपद में चैथा स्थान प्राप्त आकाश अग्रवाल एवं अक्षत अग्रवाल, पांचवा स्थान प्राप्त अनन्त अग्रवाल, प्रियांशी चैधरी, दृश्या भंडूला एवं अंश जैन को मण्डलायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। इसी प्रकार से इंटरमीडिएट सीबीएसई बोर्ड में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त सुहानी रस्तोगी, द्वितीय स्थान प्राप्त शिवांश रस्तोगी, तृतीय स्थान प्राप्त हर्षिता सक्सेना, चैथा स्थान प्राप्त इकरा नकवी एवं शुभ बंसल, पांचवा स्थान प्राप्त प्रत्यक्ष गुप्ता एवं इलमा तब्बसुम को कमिश्नर द्वारा सम्मानित किया गया। इसी प्रकार से हाईस्कूल में आईसीएसई बोर्ड में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त संकल्प राज, द्वितीय स्थान प्राप्त अभिनव गंगवार, तृतीय स्थान प्राप्त अदिति गुप्ता, चतुर्थ स्थान प्राप्त मानव प्रताप सिंह, पांचवा स्थान प्राप्त युशरा वकार को मण्डलायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया।

इसी तरह से इंटरमीडिएट में आईसीएसई बोर्ड में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त लवनीत शिवा, द्वितीय स्थान प्राप्त शुभ चाहल एवं ताहुरा परवेज, तृतीय स्थान प्राप्त कृतिशा सारस्वत, चतुर्थ स्थान प्राप्त पीयूष सैनी एवं अनिकेत राना, पांचवा स्थान प्राप्त अंजलि चन्द्रा को मण्डलायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। मण्डलायुक्त ने मेधावी छात्र/छात्राओं के प्रधानाचार्यो श्री परवेन्द्र कुमार, श्री मदन सिंह, श्री ओमप्रकाश सिंह, श्री हिमांशु यादव, श्री दानवीर सिंह, श्री उस्मान अली, श्रीमती सुदेश कुमारी, श्रीमती सविता सिंह, श्री मैथ्यू पी एलेनचेरिल, कु0 प्रिया करवाल, श्रीमती संगीता सिन्हा, श्रीमती शैफाली अग्रवाल, डा0 संदीप खन्ना, श्री विजेश कुमार, डा0 सुरेन्द्र सिंह, श्रीमती शशि शर्मा, डा0 स्वाती शर्मा, डा0 आशीष संतराम एवं डा0 इन्दू पारिक को सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त बी0एन0 यादव, ज्वाइंट मजिस्टेªट सुनील धनवंता, संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी, डीआईओएस अरूण कुमार दुबे, सहित सभी मेधावी छात्र/छात्राएं व उन स्कूलों के प्रधानाचार्य तथा मेधावी छात्र/छात्राओं के अभिभावकगण उपस्थित रहें।

# डीआईओएस ने नौ स्कूलों से मांगा फीस और विद्यार्थियों का ब्यौरा

मुरादाबाद। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद फीस समायोजन और वापसी करने में आनाकानी करने वाले स्कूलों के खिलाफ डीआईओएस ने जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सभी स्कूलों से फीस और विद्यार्थियों की संख्या का ब्योरा मांगा है। मुरादाबाद पेरेंट्स ऑफ ऑल स्कूल के पदाधिकारियों ने ज्ञापन देते हुए स्कूलों के नाम सहित शिकायत की थी कि संबंधित स्कूलों में इलाहाबाद हाईकोर्ट, शासनादेश और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। स्कूल विद्यार्थियों का 15 फीसदी शुल्क समायोजित नहीं कर रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि शिकायतों के आधार पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों को जांच अधिकारी बनाया है। यह अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर 29 मई तक साक्ष्य सहित जांच प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने विद्यालयों से वर्ष 2019 से 2021 तक कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों की कक्षावार संख्या, इन विद्यार्थियों से लिया गया शुल्क, वर्ष 2023-24 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या, जिनका 15 फीसदी शुल्क का समायोजन हुआ है, समायोजन के लिए शेष विद्यार्थी और उनका कब तक शुल्क समायोजन किया जाएगा आदि की जानकारी मांगी है। इन स्कूलों की जांच करेंगे अधिकारी = बोनी एनी पब्लिक स्कूल की जांच जीआईसी मूंढापांडे के प्रधानाचार्य संजीव सक्सेना, दिल्ली पब्लिक स्कूल की जांच राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वीरपुर बरियार की प्रधानाचार्य अलका रानी, सेंटमेरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल बुद्धि विहार की जांच जीआईसी मानपुर मुजफ्फरपुर की प्रधानाचार्य डॉ. श्वेता पूठिया करेंगी। टाइन टॉट्स स्कूल की जांच राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाथीपुर चित्तू के प्रधानाचार्य डॉ. यतेंद्र कुमार सिंह, गोल्डन गेट स्कूल की जांच राजकीय हाईस्कूल बहोरनपुर के प्रधानाचार्य प्रीतम सिंह, सेंटमीरा अकादमी कांशीराम नगर की जांच जीजीआईसी मूढाखेड़ी की प्रधानाचार्य प्रतिभा गुप्ता को सौंपी है। साहू रमेश कुमार गर्ल्स इंटर कॉलेज की जांच राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगलिया मशकूला की प्रधानाचार्य स्वदेश कुमारी, स्वरूपी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज लाइनपार की जांच जीआईसी अदलपुर के प्रधानाचार्य डॉ. अरुण सिंह, आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज मिलन विहार की जांच जीजीआईसी लाइनपार की प्रधानाचार्य डॉ. मुक्ता अग्रवाल करेंगी।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के
डेली अखबार आवश्यकता है
24x7 KNLS लाइव
सभी जिलो में ब्यूरो, स्थानीय रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

# 50,000 की नकदी लेकर किशोरी लापता, दो पर अपहरण की रिपोर्ट

मुरादाबाद-पिता ने दो युवकों पर लगाया बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक किशोरी घर से 50 हजार की नकदी और जेवर के साथ लापता हो गई। किशोरी के पिता ने पड़ोस के गांव में रहने वाले दो युवकों पर बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना मझोला क्षेत्र के कांशीराम नगर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मई को वह किसी रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए अमरोहा गया था। घर में उसकी पत्नी व नाबालिग बेटी थे। आरोप लगाया कि पड़ोसी गांव सिरकोई भूड़ निवासी कौशल और विशाल उसके मकान में घुस आए। बीमार पत्नी को इसकी जानकारी नहीं हो सकी। दोनों आरोपी उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। जाते समय किशोरी अपने साथ अलमारी में रखी 50 हजार की नकदी और जेवरात भी ले गई। जानकारी होने पर पीड़ित दोनों आरोपियों के घर पहुंचा तो उनके परिजनों ने उससे अभद्रता की और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। थाना मझोला एसएचओ विप्लव शर्मा ने बताया कि पिता की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

# प्रदेश के दिव्यांगजन की आकस्मिक सहायता हेतु राज्य निधि का गठन किया गया

मुरादाबाद-जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया है कि दिव्यांगजनों के लिए राज्य निधि卐 के संचालन हेतु निर्गत दिशानिर्देश दिनांक 14.09.2021 के द्वारा उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन अधिकारी नियमावली 2017 की धारा 33( 1 ) के अर्न्तगत प्रदेश के दिव्यांगजन की आकस्मिक सहायता हेतु राज्य निधि का गठन किया गया है, जिसमें दिव्यांगजनों के हितार्थ निम्न 04 प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने का प्राविधान है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये चित्रों हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि के रुप में उपलब्ध कराना। उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन जिनका खेल/ललित कला/संगीत/नृत्य/फिल्म/थियेटर/साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना। उ0प्र0 के दिव्यांगजन के दैनिक जीवन की गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए बेंच मार्क हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना। उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा-कैंसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनेमिया, बहु सक्लेोरोसिस से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हों, को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना। उपरोक्त के संबंध में अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र प्राप्ति हेतु किसी भी कार्यदिवस में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय विकास भवन कांठ रोड कमरा नं0 जी-14 में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# जुनैद को बेगम नहीं शराब पसंद हैः पत्नी ने पीने से रोका तो दे दिया तीन तलाक, जैनब ने बहुत समझाया पर वो न माना

मुरादाबाद-जैनब ने बताया कि उसकी शादी मोहल्ले में रहने वाले जुनैद के साथ हुई थी। शादी के बाद पति शराब पीने लगा। छोटी छोटी बातों पर महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। मुरादाबाद स्थित मुगलपुरा थाना क्षेत्र में शराब पीने का विरोध करने पर पति ने महिला को तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मुगलपुरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बरवालान निवासी जैनब ने बताया कि उसकी शादी मोहल्ले में रहने वाले जुनैद के साथ हुई थी। शादी के बाद पति शराब पीने लगा। छोटी छोटी बातों पर महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला अपनी गृहस्थी बचाने के लिए सहन करती रही। मायके वालों के समझने के बाद ही जुनैद के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं हुआ। 29 अप्रैल को महिला अपनी बेटी के साथ दूध गम रही थी। इसी दौरान जुनैद शराब पीकर घर में आया। महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी पति ने उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान आरोपी ने उसे तीन तलाक देकर संबंध खत्म कर लिया। इसके बाद महिला अपने बच्चों को लेकर मायके चली गई। इसके बाद आरोपी महिला के मायके पहुंच गया और तीन साल के बेटे को लेकर चला गया। इसके बाद आरोपी ने बच्चे की पिटाई की और उसका वीडियो बनाकर महिला के पास भेज दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने बेटे की हत्या करने की धमकी दी है। आरोपी ने उसे कलियर बुला लिया, जहां से किसी तरह महिला अपने बच्चे को लेकर घर आ गई। मुगलपुरा थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पति जुनैद के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और तीन तलाक में केस दर्ज किया है।

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दाम में

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद मे भाइयों ने हाथ पकड़े.पिता ने लाइसेंसी बंदूक से गोलीमार कर शिक्षक की कर दी हत्या



हारुन बक्श
क्यूँ न लिखूँ सच
मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद मे दबंग भाइयों ने दुश्मन के हाथ पकड़ लिए और पिता ने लाइसेंसी बंदूक से शिक्षक मनोज सिंह राठौर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने भाइयों को हिरासत में लेकर लाइसेंसी बंदूक कब्जे में ले ली है कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम गैसिंहपुर निवासी अन्नू सिंह ने पड़ोसी राम प्रताप सिंह व उनके बेटे सत्यम सिंह व शिवम सिंह के विरुद्ध पिता की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है रिपोर्ट के मुताबिक आरोपियों ने बीती रात 9.10 बजे शिक्षक मनोज सिंह के घर जाकर गाली गलौज किया मनोज सिंह पत्नी आशा देवी बेटे अभय छोटे भाई संजय सिंह व राजीव सिंह के साथ रात 11.30 बजे रामप्रताप के नलकूप के निकट वाले घर पर गए शिकायत करने गए थे वहां मौजूद आरोपियों ने शिक्षक को गाली गलौज कर उनकी पिटाई की और विरोध करने पर सत्यम व शिवम ने मनोज के हाथ पकड़ लिए रामप्रताप ने लाइसेंसी बंदूक से मनोज के सीने में गोली मार दी परिजन गंभीर रूप से घायल मनोज को मोहम्मदाबाद सीएससी ले गए हालत गंभीर होने पर मनोज को लोहिया के लिए रेफर किया गया। लोहिया अस्पताल प्ले जाने पर डॉक्टर ने मनोज को मृत घोषित कर दिया शिक्षक के मरने की जानकारी होते ही घर पर कोहराम मच गया सीओ मोहम्मदाबाद ने मीडिया को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है दो आरोपियों को हिरासत में लेकर हत्या में प्रयोग की गई लाइसेंसी बंदूक व कारतूस बरामद कर लिए गए हैं

# फर्रुखाबाद नशेड़ी बाबा की चरित्र हीनता के कारण हत्या लापरवाही के कारण ड्राइवर की मौत

हारुन बक्श
क्यूँ न लिखूँ सच
फर्रुखाबाद - नशेड़ी बाबा हरिश्चंद्र कठेरिया की चरित्रहीनता के कारण हत्या कर दी गई कोतवाली कायमगंज के ग्राम भटासा निवासी 55 वर्ष हरिश्चंद्र ने बाबा का वेश धारण कर लिया था और भीख मांग कर गुजारा करता था

नशा करने वाला बाबा चरित्रहीन हो गया था बाबा हरिश्चंद्र बीती रात पड़ोसी गांव नरसिंहपुर दावत खाने गया था उसका लहूलुहान शव आज सुबह गांव की पुलिया के निकट देखे जाने पर सनसनी फैल गई बाबा की हत्या ईट से सिर कुचलकर की गई थी शव के निकट ही खून आलूदा ईद पड़ी थी बाबा का भाई रामाधार गांव का चौकीदार है

ग्रामीणों ने बताया नशेड़ी बाबा चरित्रहीन हो गया था वह रात में किसी के घर घुस गया होगा इसीलिए उसकी हत्या कर दी गई पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया लापरवाह ड्राइवर की मौत कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम चुनूपुर गढ़िया निवासी 45 वर्षीय दिनेश दिवाकर की लापरवाही के कारण मौत हो गई दिनेश आज सुबह फर्रुखाबाद माल गोदाम से ट्रैक्टर पर गेहूं लादकर सकवाई उदय वेयर हाउस ले जा रहा था वेयरहाउस के सामने अनेकों ट्रैक्टर खड़े थे दिनेश ने अपना ट्रैक्टर खड़ा कर दिया और आगे खड़े ट्रैक्टर के नीचे सो गया। चालक दिनेश को नहीं देख पाया और उसने ट्रैक्टर को आगे बढ़ा दिया ट्रैक्टर की ट्राली का पहिया दिनेश के ऊपर से निकल गया जिससे उसकी मौके पर ही तुरंत मौत हो गई थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की

# फर्रुखाबाद मे जल सेवा संकल्प से राहगीरों के सूखे कंठों की 'मोहन' बुझा रहे प्यास



हारुन बक्श
क्यूँ न लिखूं सच
फर्रुखाबाद मे गर्मी के दिनों में प्यासे राहगीरों और पशु-पक्षियों को पानी पिलाना बड़ा ही पुण्य का काम माना जाता है दौड़भाग के दौर में समाजसेवी और सेवाभावी होने का ढोंग करने वाली संस्थाएं भी अब सार्वजनिक प्याऊ खोलने में रुचि नहीं ले रहीं हैं इन दिनों गर्मी अपना असर दिखा रही है तेज धूप की वजह से लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं खासकर आसपास के गांवों से शहर आने वाले राहगीरों को पीने के पानी के देखा जा सकता है होटल-ढाबों में पीने का पानी भी अब पाउच और बोतलबंद होकर बिकने लगा है, जो गरीब और मध्यमवर्गीय ग्रामीणों की पहुंच से बाहर है स्वार्थ की दुनिया में जहां हर कोई मदद से मुंह चुराता है ऐसे में शहर के प्रमुख चौक-चौराहे और यात्री प्रतीक्षालयों में प्यास बुझाने के लिए प्याऊ खोलने की मुहीम फर्रुखाबाद विकास मंच की तरफ से मोहन अग्रवाल चला रहें है दरअसल मोहन अग्रवाल के पिता सुरेश चंद्र अग्रवाल ने मार्गदर्शन में साल 2013 में 11 पानी के ड्रम रखकर उसमे बर्फ डाल कर राहगीरों के सूखे हलक को तर करनें के लिये ठंडे पानी की व्यवस्था की उसी साल से अनवरत उनकी पेयजल सेवा शहर के लोगों की प्यास बुझा रही है मोहन का जनसेवा संकल्प रथ लगातार 11 सालों से शहर में घूम रहा है वर्तमान में शहर में 67 जगह ड्रम फर्रुखाबाद विकास मंच की तरफ से रखे गयें है जिसको संचालित करनें और बर्फ उपलब्ध करानें के लिये पूरी एक टीम निजी स्तर पर राहगीरों को शीतल जल पिला उनके सूखे हुए कंठों की प्यास बुझाने का काम निस्वार्थ भाव से कर रही है घूम-घूम कर उनके द्वारा रखे गये ड्रमों में बर्फ की सिल्ली डालते है पानी भरने का कार्य उसे दिया जाता है जिसके घर या प्रतिष्ठान के सामने ड्रम रखा गया है उसमे पानी भरने के बाद बर्फ की सिल्ली डाल दी जाती है जिससे पानी ठंड़ा बना रहता है जगह-जगह रखे ठंडे पानी के ड्रमों से प्रतिदिन हजारों लोग अपनी प्यास बुझाते हैं जिससे शहर में भीषण गर्मी में राहगिरों की पेयजल की समस्या को काफी हद तक दूर किया है उन्होंने बताया कि संसार में इससे बड़ा पुण्य दूसरा नहीं है गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा जरूरत ठंडे पानी की होती है पाश्चात्य संस्कृति में ज्यादातर लोग इस पुण्य से दूर हो रहे हैं प्रतिदिन 11 हजार की बर्फ का होता है खर्चा मोहन अग्रवाल नें बताया कि वर्तमान में बर्फ की सिल्ली 150 रूपये में उपलब्ध है प्रतिदिन ड्रमों में लगभग 70 सिल्ली लग जातीं हैं जिससे की 10, 500 रूपये कीमत की बर्फ पानी में डाल दी जाती है.उन्होंने कहा की पहले बर्फ की सिल्ली टैम्पों पर भेजी जातीं थी लेकिन बाद में ड्रमों की संख्या बढ़ी तो फिर बर्फ ले जानें के लिये पिकअप को खरीदा अप्रैल से गणपति विसर्जन तक करते जल सेवा आपूर्ति मोहन अग्रवाल नें बताया की एक अप्रैल से उनकी पेयजल सेवा नगर में शुरू की जाती है जो गणपति विसर्जन के आस-पास तक प्रतिवर्ष चलती है जिसमें लाखों लोग पानी पीते हैं

# अखिलेश ने पार्टी नेताओं को किया संबोधित, बोले- जनता भाजपा से ऊब चुकी है, 2024 की तैयारी करें



शिवपाल यादव ने कहा कि लोकतंत्र में जीत हार कोई महत्व नहीं होती लेकिन प्रदेश में जो स्थिति चल रही है उसमें सपा ने जनता को संदेश देने के लिए चुनाव लड़ा है कि सपा दलितों और पिछड़ों के लिए संघर्ष कर रही है। भाजपा दलित समाज को पीछे करने का काम करती है वहीं सपा, दलितों और पिछड़े वर्ग की लड़ाई लड़ने का काम करती है।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कारण भाजपा में खलबली मची है। दलितों, पिछड़ों, के हक छीने जा रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता भाजपा के अत्याचार से ऊब चुकी है। समाजवादी पार्टी जनता के लिए संघर्षरत है। समाजवादी पार्टी का भरोसा संगठन और कार्यकर्ताओं पर है। इन हालात में हमें जनता के साथ रहना है। सेक्टर, बूथ की रणनीति पर अभी से मजबूती से काम करना है। भाजपा की कुनीतियों का पर्दाफाश करना है। संविधान तथा लोकतंत्र को बचाना है। अखिलेश यादव सोमवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में षड्यंत्र की राजनीति बनाने में जुटी है। वह सत्ता का दुरुपयोग कर चुनाव जीतने की साजिशें करती आई है। सन् 2022 के विधानसभा चुनाव इसीलिए समाजवादी पार्टी के हाथ से निकल गया। छह साल के भाजपा के शासनकाल में उत्तर प्रदेश बर्बाद हो गया है। सभी मोर्चों पर भाजपा सरकार विफल साबित हुई है। आरक्षण को भाजपा सरकार खत्म करना चाहती है। निजीकरण को इसीलिए बढ़ावा दिया जा रहा है। सामाजिक न्याय को लागू करने के लिए जातीय जनगणना कराया जाना जरूरी है। अखिलेश यादव ने सपा नेताओं से कहा कि वे अपना ऐसा व्यवहार रखें कि किसी को शिकायत न हो। सभी का व्यवहार शिष्टाचार युक्त होना चाहिए। परस्पर सम्मान और विश्वास से समाजवादी पार्टी का ग्राफ जनता के बीच ऊंचा उठेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी नेता और कार्यकर्ता जनता के सुख-दु:ख में शामिल रहने तथा उनकी आवाज उठाने में कोई कसर न रखे। अभी से लोकसभा की तैयारियों में जुट जाए।सपा महासचिव प्रो रामगोपाल यादव ने कहा कि भाजपा की कुदृष्टि उत्तर प्रदेश पर है। भाजपा समाजवादी पार्टी के समर्थकों के वोट काटने की योजना बना रही है। भाजपा सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर रही है। वह कोई न कोई साजिश करती रहती है। किसान परेशान है। गेहूं की खरीद फर्जी हुई है। नौजवानों का भविष्य अंधकार में है। लोकतंत्र को बचाने के लिए मतदाताओं के नाम कटने से बचाना है। बैठक में सदस्यता भर्ती, समाजवादी बुलेटिन की सदस्यता, बूथ स्तर पर कमेटियों के गठन तथा प्रभारियों की जिम्मेदारी तय करने के साथ स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी की स्थिति पर भी चर्चा की गई। पार्टी में सभी वक्ताओं का मत था कि प्रदेश की जनता में अखिलेश यादव के नेतृत्व के प्रति रूझान बढ़ा है और 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को अप्रत्याशित सफलता मिलेगी।

अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़ों के साथ हो रहा अन्याय- शिवपाल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि प्रदेश में अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और दलितों के साथ अन्याय हो रहा है। समाजवादी पार्टी इस अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य में विधि विधान से पूजन के बाद लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत होगी। 2024 में सपा भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी। विधान परिषद उप चुनाव में मतदान कर लौटे शिवपाल यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि लोकतंत्र में जीत हार कोई महत्व नहीं होती लेकिन प्रदेश में जो स्थिति चल रही है उसमें सपा ने जनता को संदेश देने के लिए चुनाव लड़ा है कि सपा दलितों और पिछड़ों के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा दलित समाज को पीछे करने का काम करती है वहीं सपा, दलितों और पिछड़े वर्ग की लड़ाई लड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि जो लोग देश और प्रदेश को धोखा देने का काम करते हैं सपा उन्हें सबक सिखाने का काम करेगी। सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की ओर से भाजपा को समर्थन के सवाल पर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है सबको पता चलेगा। इससे पहले सपा विधायकों काफिला शिवपाल के नेतृत्व में ही मतदान करने विधानभवन पहुंचा।

# लभेडा उर्फ बुलंद नगर से हाजियों का काफिला रवाना होगा



क्यूँ न लिखूं सच
बरेली-रिठौरा। लभेडा उर्फ बुलंद नगर से हाजियों का काफिला रवाना होगा जिससे हज यात्रा पर जाने वाले अब्दुल वशीर सैफी व उनकी अहिलिया,साबिर अली,व उनकी अहिलिया, महमूद शाह व उनकी अहिलिया, जाहिद सैफी आदि सभी हज यात्रियों के हज यात्रा पर रवाना होने से सभी ग्रामवासी काफी खुश हैं और सभी हाजियों का कल से ही फूल मालाओं से स्वागत कर रहें हैं और अपने अपने घर पर हज यात्रियों को बुलाकर उनकी दावत कर रहे है व अपने अपने लिए दुआओं को भी कह रहे हैं इसी सिलसिले को जारी रखते हुए कल शाम समाजवादी पार्टी के निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव नज़ाकत खां ने अपने निवास पर सभी हज यात्रियों को न्योता भेजकर बुलबाय व सभी ग्रामवासियों को साथ लेकर अपने निवास पर हज यात्रियों का स्वागत किया और इसी के साथ रात के खाने का इंतज़ाम भी अपने निवास पर किया और अपने साथ हज यात्रियों को खाना खिलवाया और दुआए खैर की उसके बाद ग्रामवासियों के साथ एक खास सभा का आयोजन किया जिसमें सभी ग्राम वासियों ने अपने दु:ख तकलीफ हज यात्रियों को बताए और उनसे मदीने शरीफ जाकर खास दुआओं के लिए कहा साथ ही नज़ाकत खां ने अपनी तरफ से हज यात्रियों से अपील की कि आप लोग ऐसी जगह जा रहे है जहाँ से आज तक किसी की कोई दुआ खाली नही गयी नज़ाकत खां ने कहा कि आप लोग खास तौर पर मुल्क की तरक्की के लिए दुआ करें मुल्क में अमन चैन कायम रहे इसकी दुआ कर

हिन्दू मुस्लिम एकता के लिए दुआ करें आपसी भाईचारे के लिए दुआ आपने और हमारे गॉव लभेडा के लिए दुआ करें हमारे गॉव के नौजवानों ने जो भी अपनी व मुल्क की तरक्की के सुनहरे ख्वाब सपने देखें है

अल्लाह उन्हें पूरा करे जिससे कि हमारे गांव का मान पूरे देश मे बड़े व हमारे गांव की तरक्की हो खुशहाली हो और तमाम तरह की दुआ व खैर करने की अपील नज़ाकत खां ने हज यात्रियों से की आज नज़ाकत खां ने सभी ग्रामवासियों के साथ सभी हज यात्रियों को विदाई दी और उनके बखैर वापस लौट आने की अल्लाह से दुआ की इस मौके पर मौजूद रहे लोग छाजत्र नेता फरहान खान , जिला अध्यक्ष छात्र कांग्रेस नदीम सिद्दीकी , मज़हर खान ,असरफ खान, कबीर खां वाहिद खां, सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# निष्पक्ष पत्रकारिता करने वाले पत्रकार कभी भी बधाई के पात्र नहीं हो सकते!

पत्रकार परिवार एक ऐसा परिवार होता है जिसमें सभी लोगों का समायोजन किया जाता है लेकिन सबका अपना अपना लेवल होता है हमेशा जो नए युवा पत्रकारिता लाइन में आए हैं उन्हें अपने वरिष्ठ पत्रकारों का अनुसरण कर प्रेरणादायक बनाकर उनसे शिक्षा लेकर इस क्षेत्र में आए क्योंकि उनका समय निष्पक्षता के साथ पत्रकारिता करने में बीता है आज पत्रकारिता पर जनता एवं प्रशासन भी गलत निगाह से देखता है, क्योंकि कुछ ऐसे दुर्योधन पत्रकारिता क्षेत्र में आ गए हैं जो अर्जुन जैसे पत्रकारों को हराने का कार्य कर रहे हैं सभी पत्रकार साथियों से निवेदन है अपने वरिष्ठ पत्रकार साथियों का सम्मान करें , और उनसे शिक्षा ले निस्वार्थ पत्रकारिता करें और इसके साथ अपना अलग से जीवन यापन हेतु कोई व्यवसाय करे जिससे परिवार पालन हो सके क्योंकि पत्रकारिता एक सम्मानजनक कार्य है, आज का दौर सोशल मीडिया का है पत्रकारिता को धनोपार्जन का जरिया बनने से रोका जाना नितांत आवश्यक है। जनता की आवाज बन कर पत्रकारिता करें पहले युग में श्री नारद जी को पत्र वाहक कहा जाता था लेकिन इस युग में हजारों की संख्या में श्री नारद जी तो हैं लेकिन वह पत्रकार नहीं है। पत्रकारिता का अर्थ अपने गुरु एवं आदर्श वरिष्ठ पत्रकारों से जानकर ही ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं आप खुद को पत्रकार कहें तो आप पत्रकार नहीं है बगैर गुरु के ज्ञान अर्जित नहीं हो सकता।-



पं एस पी शर्मा ( सत्यम ) जिलाअध्यक्ष अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति

## लूट के इरादे से मध्य रात्रि राजू आर्य के आवास के निकट बदमाशों ने युवक को मारी गोली

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-गत रविवार की मध्य रात्रि एक युवक को देहली से एटा लौटकर पैदल ही अपने गांव नगला भजना जाते समय कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत कासगंज रोड से पीएसी मारहरा रोड पर भारतीय किसान यूनियन ( भानू ) के राष्ट्रीय सगंठन मंत्री राजू आर्य के आवास के आगे कोल्ड स्टोर के बराबर लूट के इरादे से छोटा हाथी वाहन में सवार तीन बदमाशों ने छीना झपटी में गोली मारकर युवक को गंभीर घायल कर बैग लेकर फरार हो लिऐ ! गंभीर रूप से घायल युवक को उसके परिजनों ने रात्रि में ही 112 डायल पुलिस के सहयोग से कोतवाली देहात में घटना की सूचना देकर मेडीकल कालेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया है ! घटना का शिकार हुऐ पंकज पुत्र राजवीर सिहं निवासी ग्राम नगला भजना थाना पिलुआ ने हमारे संवाददाता को बताया कि वह देहली में माली का कार्य करता है तथा गत रविवार की मध्य रात्रि देहली से बस द्वारा एटा रोडवेज बस स्टेन्ड पर उतरकर कोई वाहन न मिलने पर पैदल ही अपने गांव के लिऐ चल पडा था ! उसने आगे बताया कि वह पीएसी मारहरा रोड स्थिति किसान नेता राजू आर्य के आवास से होता हुआ जैसे ही कोल्डस्टोर के समीप पहुंचा तो पीछे से एक छोटा हाथी में सवार तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोककर मारपीट करते हुऐ उससे नगदी आदि लूटनी चाही जिसका विरोध करने पर बदमाशों ने उसे गोली मार दी कि इतने में ही वह गिर पडा तथा होश आने पर उसने देखा कि उसका बैग जिसमें जरूरी सामान व कपडे इत्यादि रखे हुऐ थे वह गायब था ! घटना की सूचना उसके द्वारा अपने मोबाइल से कॉल कर परिजनों को दी गयी तब परिजनों ने घटनास्थल पर आकर 112 डायल पुलिस के सहयोग से कोतवाली देहात पुलिस को सूचित कर घायल पंकज को मेडीकल कालेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया है ! गंभीर रूप से घायल युवक के दाहिने कंधे व चेहरे पर गोलियां लगी है परन्तु मेडीकल कालेज की अव्यवस्थाओं के चलते सोमवार की सुबह तक न तो उसका कोई उपचार किसी कर्मचारी द्वारा किया गया है और न ही उसके द्वारा कोतवाली देहात से लायी गयी चिट्ठी मजरूफी को प्राप्त कर कोई मेडिकोलीगल किया गया है !

भारतीय किसान यूनियन ( भानू ) के राष्ट्रीय सगंठन मंत्री राजू आर्य ने बताया कि घायल के शरीर पर गोली लगने से खून लगातार बह रहा है परन्तु मेडीकल कालेज के प्रबंधन द्वारा गंभीर मरीजों के त्वरित उपचार में लापरवाही एवं घन्टों व्यतीत होने के पश्चात भी मेडिकोलीगल न होना चिन्ता का विषय है ! किसान नेता राजू आर्य ने कहा कि वह इस सन्दर्भ में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री को कॉल करके व ट्वीट कर अवगत कराऐगें ! ताकि मेडीकल कालेज की व्यवस्थाओं में सुधार आ सके !

## संपत्ति के लिए मां-बाप की गोली मारकर हत्या

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जमीन के लिए बड़े बेटे ने मां-बाप की ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी। दोनों को तीन-तीन गोलियां लगी हैं। एका क्षेत्र में हुई वारदात में आरोपी का साला भी साथ था। दोनों फरार हैं। पुलिस ने पहुंचकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाए। छोटे बेटे ने भाई-भाभी समेत पांच पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। एका के नगला रमिया निवासी राकेश कुमार ( 52 साल ) पुत्र सुमेर सिंह के साथ उसका बड़ा बेटा योगेश उर्फ वीटू मारपीट करता था। इससे तंग आकर राकेश 15 दिन पहले ही पत्नी गुड्डी देवी ( 50 साल ) और छोटे बेटे प्रदीप के साथ एटा में किराए पर रहने लगे थे। रविवार को राकेश, पत्नी के साथ अपना खेत बटाई पर उठाने अपने गांव नगला रमिया आए थे। गांव पहुंचते ही बड़े बेटे योगेश से खेत को लेकर उनका विवाद हो गया। बेटा खेत पर खुद काम करना चाहता था लेकिन पिता ने उसे बटाई पर उठा दिया। विवाद के बाद दंपति बाइक से वापस एटा जा रहे थे। कोमल सिंह इंटर कॉलेज हथौली के पास भरतपुर बंबा की पटरी के पास बेटे योगेश ने बाइक सवार माता-पिता पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। राकेश और गुड्डी को तीन-तीन गोलियां लगीं और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हत्याकांड में योगेश के साथ उसका साला भी साथ था। वारदात के बाद दोनों वहां से भाग गए। उधर गोलियों की आवाज से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दोहरे हत्याकांड के बारे में पता चलते ही एसपी देहात कुमार रणविजय सिंह तथा एसपी सिटी सर्वेश मिश्र कई थानों के फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों से जानकारी की। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक राकेश के छोटे बेटे प्रदीप उर्फ सीटू ने एका थाने में बड़े भाई योगेश, भाभी रश्मि, योगेश के दोनों साले अंकित, सुशील पुत्रगण दिनेश व गांव के ही रवि पुत्र जयप्रकाश सभी निवासी नगला रमिया के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। दो बेटे और तीन बेटियां हैं राकेश के दो बेटे योगेश तथा प्रदीप हैं। प्रदीप शिकोहाबाद में जेएस विवि से बीएससी का छात्र है। इस समय वह अपने पिता के पास एटा में रह रहा था। राकेश की तीन बेटियां नीतू, ललिता, ममता हैं, जिनकी शादियां हो चुकी हैं। संपत्ति की खातिर बड़े बेटे योगेश ने माता और पिता की गोलियां मारकर हत्या की है। पुलिस की तीन टीमें हत्यारोपी व उसके रिश्तेदार की तलाश में जुट गई हैं। छोटे बेटे की तरफ से पांच लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी करेगी।-रणविजय सिंह, एसपी देहात, फिरोजाबाद

## संयुक्त प्रेस क्लब के संगठन मंत्री संदीप शर्मा के पिता ऊदल प्रसाद शर्मा के निधन पर पत्रकारों में शोक

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा संयुक्त प्रेस क्लब कार्यालय पर आज एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्रेस क्लब के संगठन मंत्री संदीप शर्मा के 90 वर्षीय पिता उदल प्रसाद शर्मा के निधन पर पत्रकार साथियों ने 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही शोक संतृप्त परिवार को इस दुख की घड़ी को शहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गयी। शोक सभा की अध्यक्षता जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हाथरस के सदस्य/मजिस्ट्रेट वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण प्रभाकर उपाध्याय ने की संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बताया कि हमारे साथी पत्रकार संदीप शर्मा के पिता ऊदल प्रसाद शर्मा की माह से बीमार थे उनका उपचार चल रहा था बीते दिन 27 मई को प्रातः चार बजे उन्होंने अतिंम सांस ली और अपने परिवार को छोड़कर गौलोक को चले गये। बीते दिन हिन्दू रीति रिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। शोक सभा में प्रमुख रूप से एक्टिव जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश दीक्षित,प्रमोद लोधी, वीरेंद्र सिंह गहलौत, अन्टू मिश्रा, अखंड प्रताप सिंह, प्रवीन शर्मा इबलास.खान संदीप दीक्षित महेश वर्मा रजनीश जैन आर वी गुप्ता राहुल वर्मा आदि लोग शामिल थे।

## रामभद्राचार्य की ब्राह्मणों पर टिप्पणी से उबाल

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-तीन युवकों ने दुस्साहस वारदात को दिया अंजाम मौसी घर से अपने घर जा रही 14 वर्षीय लड़की को इको गाड़ी में डालकर ले जाने का किया प्रयास पिछले कई दिनों से लगातार कर रहे थे रेकी दो आरोपी बाइक पर तो एक इको गाड़ी में था सवार कार चलने के बाद लड़की किसी तरह गाड़ी से निकल भागी परिजनों के साथ पहुंची कोतवाली नगर कोतवाली नगर प्रभारी सुधीर राघव और पटियाली गेट चौकी इंचार्ज रितेश ठाकुर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे मौके पर। कोतवाली नगर एटा के अंतर्गत भूतेश्वर के पास का मामला

## धनीपुर जीटी रोड पर फूल मालाओं से किसानों ने एवं कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के राजस्थान के पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश के प्रभारी जवाहर सिंह का अलीगढ़ आगमन पर धनीपुर जीटी रोड पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर सेक्टर प्रभारी सिधौली भाजपा राकेश कुमार सिंह ने धनीपुर जीटी रोड पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी जवाहर सिंह का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह कहां है भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी हीरा सिंह का जीटी रोड पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया भारत माता की जय वंदे मातरम नरेंद्र मोदी जिंदाबाद सीएम योगी जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि दोनों नेताओं धनीपुर जीटी रोड पर नारों के साथ स्वागत किया गया भगत करने वालों में भाजपा किसान मोर्चा दीपक सिंह भाजपा किसान मोर्चा के सिद्धार्थ पंडित भाजपा किसान मोर्चा के विनोद कुमार यादव कुलदीप सिंह बघेल सोनू कुमार जाटव देवेश कुमार विष्णु कांत मुन्नालाल भगवती प्रसाद आदि ने दोनों नेताओं का भव्य स्वागत किया

## एटा महोत्सव में आयोजित हुऐ कार्यक्रमों के भुगतान न होने पर संयोजकगण करेगें धरना प्रदर्शन

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जनपद मुख्यालय के रामलीला ग्राउन्ड में राजकीय जिला ऋषि एवं औधोगिक विकास प्रदर्शनी के बैनर तले माह जनवरी में आयोजित किऐ गऐ एटा महोत्सव 2023 के पांडाल में विभिन्न गणमान्य लोगों को कार्यक्रमों का संयोजक नामित कर दिन रात कराऐ गऐ सांस्क्रतिक व सामाजिक कार्यक्रमों के प्रदर्शनी फण्ड से अभी तक भुगतान न किऐ जाने को लेकर संयोजकगंणो की आज सोमवार को कलेक्ट्रेट पर समपन्न हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के पश्चात प्रतिनिधि मण्डल द्वारा जिलाधिकारी के नाम से संबोधित एक ज्ञापन एडीएम प्रशासन आलोक कुमार एवं प्रशासनिक अधिकारी अजय गोस्वामी को दिया गया है ! ज्ञापन में यह स्पष्ट किया गया है कि यदि 3 जून तक संयोजकगंणो को प्रदर्शनी फण्ड से भुगतान नहीं किऐ गऐ तो आगामी 5 जून को प्रातः 10 बजे सभी संयोजकगंण कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करेगें ! ज्ञापन की प्रतिया सूबे के मुख्यमंत्री सहित मण्डलायुक्त अलीगढ व प्रभारी एटा महोत्सव तथा एलआईयू को प्रेषित की गयी हैं ! एडीएम प्रशासन आलोक कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल के निर्देशानुसार सभी कार्यक्रम संयोजकों को प्रदर्शनी फण्ड से निर्धारित धनराशि के चैक शीघ्र दिऐ जाने के संबधित को निर्देश दे दिऐ गऐ है ! ज्ञापन देने वालों में नेत्रपाल सिहं चौहान, राकेश कश्यप,विशनपाल सिहं चौहान , अकरम खान , उमाकांत तिवारी ,पंकज उपाध्याय एड. , अमित जौहरी एड. , इबलाश खान , रवीन्द्र गोला , राजेश गुप्ता , हरिओम यादव आदि लोग मौजूद रहै !

## सिसरोई पंचायत भवन से हजारों का सामान चोरों ने किया पार



लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद - कोतवाली के गांव के रोहिनासिंहपुर के मजरा सिसरोई स्थित पंचायत भवन से की रात अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर वहां रखी बैटरी, इनवर्टर, प्रिंटर, माउस,बेबकेम सीपीयू,, अज्ञात चोर चोरी कर लेगये। मामले में ग्राम प्रधान दीक्षा देवी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

www.knlslive.com

## मारहरा में हुआ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता व शिक्षक सम्मान समारोह

योगेश मुदगल
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- द्धस्थ्द्ध एकेडमी कोचिंग संस्थान द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कस्बा के रानी अबंती बाई इंटर कालेज में किया गया। जिसमें एटा, कासगंज एव हाथरस आदि जनपदों के सैकड़ों छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आयोजन समिति द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान भी किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग में विभाजित कर आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 1224 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर आईएसईआई संस्थान के सेंटर हैड विकास कुमार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले लगभग एक सैकड़ा से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सेंटर हेड ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम आगामी 10 जुलाई को संस्थान पर घोषित किया जायेगा। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को दोनों वर्गों में अलग- अलग क्रमशः मोबाइल फोन ( प्रथम पुरुस्कार ), हीरो साइकिल ( द्वितीय पुरुस्कार ) व मिक्सर ग्राइंडर ( तृतीय पुरुस्कार ) एवं 50 सांत्वना विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जायेगा। सम्मान समारोह की अध्यक्षता हरिओम गुप्ता ( पूर्व प्रधानाचार्य, एमजीएचएम इंटर कॉलेज ) द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएस सगर ( प्रधानाचार्य, रानी अबंतीबाई इंटर कॉलेज ) रहे। इस अवसर पर भूपेन्द्र राजपूत, रामनिवास प्रभाकर ( प्रवक्ता ), नरेन्द्र कुमार, मीरान, प्रेम,समीर ,सिद्दीकी, विनय, आनंद, जुबैर, अर्चना, फरहा, अंजुम, अदीबा, आरफा, गार्गी, रिशा , अभय, प्रियंका, काजल ,रेश्मा, शैवी आदि उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## कमालगंज में 24 घंटे में दो हत्याओं से दहला जिला

श्याम जी कश्यप
क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश में ट्यूबेल पर लेटे किसान की गोली मारकर हत्या और केम गंज कोतवाली क्षेत्र में अंधड़ की ईंट से कुचल कर हत्या कर शव को नहर किनारे फेंका दो थाना क्षेत्रों में 24 घंटे में हुई दो हत्याएं पुलिस घटनाओं को रोकने में हो रही नाकाम हत्यारोपी खुलेआम दे रहे पुलिस को चुनौती अधेड़ की ईटों से सिर कुचलकर हुई हत्या अधेड़ का नहर किनारे पड़ा मिला शव ग्रामीणों ने शव देख कर



परिजनों को दी सूचना शव पड़े होने की सूचना पर ग्रामीण व पुलिस मौके पर पहुंची जांच पड़ताल में जुटी पुलिस कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के भटासा गांव के पास का मामला

## आयशर कैंटर ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत साथी घायल

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद- पनेठी गंगीरी रोड पर एक तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक में जोरदार टक्कर मारदी। हादसे में एक वाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसके साथी को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। गांव जिरौलीहीरासिंह निवासी महेश चंद्र राना के दो बेटों में छोटा हेमेंद्र प्रतापसिंह अलीगढ़ के ताला नगरी स्थित किसी कंपनी में काम करता था। जहां से की देररात अपने दोस्त शिवकुमार पुत्र दुर्गेश कुमार निवासी गांव लधौआ के साथ बाइक द्वारा अपने गांव आरहा था।उसकी बाइक जैसे ही पनेठी गंगीरी रोड पर स्थित नगला औसाफ अली बंबा पर ढोला पुल के निकट पहुंची तभी पीछे से आरही तेजरफ्तार आयशर कैंटर ने बाइक में पीछे से टक्कर मारदी।हादसे में हेमेंद्र प्रतापसिंह( 32 ) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका साथी शिवकुमार मामूली रुप से घायल हो गया।



हेमेंद्र प्रताप सिंह की नौ वर्ष पूर्व थाना अकराबाद के गांव छोटी उकावली निवासी शिवानी के साथ शादी हुई थी उस पर तीन बेटियां शिवांगी, रुचिका व सोनिया हैं। हेमेंद्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक के भाई धर्मेंद्र प्रतापसिंह ने कैंटर व उसके चालक के खिलाफ थाना हरदुआगंज में रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने कैंटर व उसके चालक को हिरासत में ले लिया है।

# बेबस नजर आए कमिश्नर-डीआईजी और डीएम, गुर्जर समाज ने बिना अनुमति निकाली गौरव यात्रा, ये तस्वीरें बनीं गवाह



सहारनपुर में गुर्जर समाज ने फंदपुरी से गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज गुर्जर गौरव यात्रा बिना अनुमति के निकाली, जिसे रोकने में पुलिस-प्रशासन नाकाम रहा। मंडलायुक्त लोकेश एम., डीआईजी अजय साहनी, जिलाधिकारी दिनेश चंद्र और एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने गुर्जर समाज के लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। इस दौरान पूरा इलाका छावनी में तब्दील रहा। जिला प्रशासन ने गौरव यात्रा को अनुमति न देते हुए उस पर प्रतिबंध लगाया था। इसके बावजूद गुर्जर समाज ने यात्रा निकाली। सोमवार को गांव फंदपुरी स्थित राजेश पायलट चौक से गुर्जर यात्रा की शुरुआत जनपद शामली के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान, यमुनानगर से आए पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, पूर्व विधायक मनोज चौधरी, पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखिया गुर्जर ने की। वहीं, इनके आने से पूर्व ही मंडलायुक्त लोकेश एम., डीआईजी अजय साहनी, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। गुर्जर समाज के लोगों को बिना अनुमति के यात्रा निकालने से रोकने में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी नाकाम रहे।यहां कई हजार की संख्या में गुर्जर समाज के लोग एकत्र हो गए, जो सम्राट मिहिर भोज और गुर्जर समाज जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाइकों व कारों से नकुड़ की ओर बढ़ गए। इसके बाद यात्रा नकुड़ से अंबेहटा की तरफ गई। अंबेहटा में नारेबाजी करते हुए यात्रा लेकर समाज के लोग पुनः फंदपुरी चौक पर पहुंचे, जहां पर यात्रा संपन्न हो गई। मार्ग में कई जगहों पर बैरिकेडिंग भी लगाई गई थी। रास्ते में अधिकारियों ने यात्रा रोकने की कोशिश की, लेकिन भीड़ के आगे पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की नहीं चली। इस दौरान पूरा इलाका छावनी में तब्दील रहा। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी यात्रा के साथ क्षेत्र में भी गश्त करते रहे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के अलावा पीएसी तैनात रही।यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक महिपाल सिंह माजरा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संदीप चौधरी, पवन सिंह राठौर, लोकेश गुर्जर, सुरेंद्र सिरोही, संजय, अनिल, अनुज माजरा, तनवीर प्रधान, अतुल फंदपुरी, सुभाष रावल, अमित सोनू गुर्जर, विरेंद्र गुर्जर, बबलू, कपिल सिंह आदि शामिल रहे।पांच बार हुए यात्रा रोकने के प्रयास फंदपुरी में यात्रा निकलने के बाद मार्ग में भी पांच स्थानों पर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने यात्रा रोकने की कोशिश की, लेकिन गुर्जर समाज के लोग नहीं माने। हरि कॉलेज के पास मंडलायुक्त, डीआईजी, डीएम और एसएसपी सहित पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने बैरिकेडिंग लगाकर यात्रा को रुकवाया। गुर्जर समाज के जिम्मेदार लोगों से वार्ता कर यहीं यात्रा को खत्म करने को कहा, लेकिन गुर्जर समाज के लोगों ने यात्रा रोकने से साफ मना कर दिया और वह आगे बढ़ गए।सीधे तौर पर शामिल होने से किया किनारा, किया स्वागत यात्रा में सत्ता पक्ष के गुर्जर समाज के नेताओं ने सीधे तौर पर शामिल होने से किनारा किया। वहीं, मार्ग में कई जगहों पर स्वागत जरूर किया गया। नकुड़ ब्लॉक प्रमुख सुभाष चौधरी ने यात्रा के हरि कॉलेज के सामने पहुंचने पर फूलों की बरसात कर स्वागत किया। यात्रा में शामिल लोगों को ठंडे पानी व कोल्ड ड्रिंक की बोतलें वितरित कीं। इस दौरान एनपी राठौर, मयंक चौधरी मौजूद रहे। वहीं, भाजपा के कैराना सांसद प्रदीप चौधरी के पुत्र अंशुमन चौधरी ने यात्रा में शामिल होकर समर्थन दियाराहगीरों को उठानी पड़ी परेशानी, लगा जाम यात्रा के दौरान सड़क पर भारी भीड़ के कारण राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ी। क्योंकि, यात्रा वाले मार्ग पर कुछ जगह जाम लग गया। इस वजह से वाहनों बच्चे, महिलाएं, णा और पड़ोसी जिलों से भी आए लोग यात्रा में शामिल होने के लिए गुर्जर समाज के लोग हरियाणा और पश्चिमी यूपी के कई जिलों से भी आए। रविवार की शाम ही ज्यादातर लोग पहुंच गए थे। यह लोग गुर्जर बाहुल्य इलाकों में रुक गए। मुख्य मार्गों पर पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाई थी। इस वजह से खेतों के रास्ते होते हुए भी लोग फंदपुरी पहुंचे। वहीं, यात्रा की अनुमति निरस्त करने वाले एसडीएम अजय कुमार अपनी गाड़ी से यात्रा के आगे चलते रहे।

# इशारे से बताई आपबीती: भीख मांगने गई थी मां, दबंग ने मूक-बधिर बेटी से किया दुष्कर्म, मदद के लिए चीख भी न सकी

बरेली में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मोहल्ले के युवक ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता मूक-बधिर है। वह मदद के लिए चीख चिल्ला भी नहीं सकी। पीड़िता की मां भीख मांगती है। उसने आरोपी को भागते देखा, तब घटना की जानकारी हुई। महिला के मुताबिक 25 मई को वह घर से बाहर गई थी। लौटकर आई तो देखा कि उसकी बेटी घर पर नहीं थी।

उसने तलाश किया तो एक बंद मकान में मोहल्ले का एक दबंग युवक उसकी बेटी से दुष्कर्म कर रहा था। 16 साल की मूक-बधिर बेटी को लेकर जोगी नवादा क्षेत्र की रहने वाली महिला सोमवार को एसएसपी दफ्तर पहुंची। महिला ने बताया कि वह भीख मांगकर परिवार पालती है। उसका पति बीमार रहता है।

उसकी 16 साल की बेटी है, जो बचपन से ही बोल नहीं सकती। महिला के मुताबिक 25 मई को वह घर से बाहर गई थी। लौटकर आई तो देखा कि उसकी बेटी घर पर नहीं थी। उसने तलाश किया तो एक बंद मकान में मोहल्ले का एक दबंग युवक उसकी बेटी से दुष्कर्म कर रहा था। उसे देखकर आरोपी भाग गया। बेटी ने इशारे से अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया।

उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। दबंग के डर से वह लोग पुलिस के पास नहीं गए। किसी तरह हिम्मत जुटा कर वह बेटी को लेकर एसएसपी दफ्तर पहुंची। इस मामले में रिपोर्ट लिखाने की मांग की। बारादरी थाना पुलिस को जांच के आदेश दिए गए हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# शवों के सौदों का शर्मनाक खेल: पोस्टमॉर्टम हाउस पर परिजन से होती सौदेबाजी, किशोर की मौत पर लिए 15 हजार




उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में पोस्टमॉर्टम हाउस में शवों का सौदा होता है। मरने वाले के परिजन दुःखी हैं, परेशान हैं, पैसों के भूखे भेड़ियों पर इस बात का कोई असर नहीं पड़ता। इस बात भी असर नहीं पड़ता कि मरने वाला नौजवान था, इकलौता था। किशोर के शव का सौदा करने का ऐसा ही एक मामला सामने आया है। मामले में जांच समिति बनाई गई है जो जांच करके रिपोर्ट तैयार करेगी। बात बीती 27 मई की है। करहल थाना क्षेत्र के हाजीपुर सेमरी गांव निवासी राजकुमार के बेटे अनमोल की बिजली गिरने से मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिवार में चीख पुकार मची रही। उन पर जैसे पहाड़ टूटा था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमॉर्टम हाउस पर तैनात कुछ कर्मियों ने संवेदनदीनता की हदें पार कर दीं।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बनाने के लिए 15 हजार

पीड़ित ने बताया कि कर्मियों ने परिवार के लोगों से कहा कि यदि शासन से अच्छा मुआवजा पाना है तो सही पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बनवानी होगी। रिपोर्ट तभी सही बनेगी जब 15 हजार रुपये दोगे। रुपये न देने पर रिपोर्ट बीमारी से मौत की बना दी जाएगी। यह सुनकर उनके होश उड़ गए

### ।फफककर रोने लगा पिता

काफी देर तक कर्मी दबाव बनाते रहे। दबाव में आकर परिजन ने पैसे दे दिए। लेकिन, उनके मन में यह बात कचोटती रही। इस पर किसी ने यह बात समाजवादी पार्टी के एमएलसी मुकुल यादव को बताई। जानकारी हुई तो एसएलसी पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। यहां मृतक का पिता फफककर रोने लगा। रोते हुए 15 हजार रुपये लिए जाने की जानकारी दी।

### दोषियों को निलंबित करने की मांग

एमएलसी ने डीएम, एडीएम और सीएमओ से इसकी शिकायत की। जानकारी होने के बाद पोस्टमॉर्टम हाउस में मौजूद रिश्वत लेने वाले कर्मियों में अफरातफरी मच गई। मामले को रफा दफा करने की कोशिश की जाने लगी। एमएलसी ने दोषियों को तत्काल निलंबित कर निष्पक्ष जांच की मांग की है।मैनपुरी में शवों के सौदों का शर्मनाक खेल खेला जा रहा है। यहां पोस्टमॉर्टम हाउस पर कर्मी परिजन से सौदेबाजी करते हैं। किशोर की मौत पर 15 हजार रुपये लेने का मामला सामने आया है।

# पैसों के लिए माता-पिता को मार डाला: बेटे ने रोका और मार दी गोली; पत्नी व साले ने दिया साथ...ऐसे रची थी कहानी




फिरोजाबाद में पैसों के लिए बेटे ने माता-पिता को मार डाला। इसमें उसकी पत्नी व साले ने भी उसका साथ दिया। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी की तलाश जारी हैउत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां पैसों के लिए बेटे ने पत्नी व साले के साथ मिलकर माता-पिता की निर्मम हत्या कर दी। सुनसान जगह पर उन्हें रोका और तमंचा सटाकर गोली मार दी। दोनों खून से लथपथ होकर वहीं गिर गए। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार लिया है। मुख्य आरोपी बेटा अभी अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। घटना एका थाना क्षेत्र के नगला रमिया गांव की है। यहां के रहने वाले राकेश सिंह अपने बड़े बेटे योगेश उर्फ बीटू के आतंक से परेशान होकर पत्नी गुड्डी देवी व छोटे बेटे प्रदीप कुमार के साथ एटा जिले में रहने लगे हैं। रविवार को वह अपने खेत पट्टे में उठाने के लिए पत्नी के साथ गांव गए थे। वह खेत को पट्टे में देने और पैसा लेने के बाद वापस एटा लौट रहे थे।

### छोटे बेटे ने दी थी तहरीर

इसी समय रास्ते में हथौली जयसिंहपुर गांव के पास बम्बा रोड पर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाई। छोटे बेटे प्रदीप ने बड़े भाई योगेश, उसकी पत्नी और उसके साले पर हत्या करने का आरोप लगाया। उसने थाने में नामजद तहरीर दी। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश में जुट गई।

### रकम बंटवारे को लेकर हुए विवाद में की हत्या

आरोपियों का तलाश में जुटी पुलिस को सोमवार को सफलता मिली। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि मुख्य आरोपी बड़ा बेटा योगेश अभी भी फरार चल रहा है। आरोपियों ने पुलिसिया पूछताछ में बताया कि खेत के पट्टे की मिली रकम के बंटवारे को लेकर योगेश ने झगड़ा शुरू किया। पैसों के बंटवारे को लेकर उनकी हत्या कर दी। वारदात के अंजाम देकर ज्वार के खेत में छिप गया एसपी ग्रामीण कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पट्टे पर दी गई भूमि के एवज में मिली रकम के बंटवारे को लेकर योगेश उर्फ बीटू का अपने माता-पिता से झगड़ा हुआ। इसी दौरान उसने माता-पिता की हत्या कर दी। हत्या में योगेश की पत्नी और साला सुनील भी शामिल था। घटना के बाद वह गांव के ही अर्जुन सिंह के ज्वार के खेत में छिप गया था।

### चार आरोपियों के पुलिस ने किया गिरफ्तार

बताया कि पुलिस ने घेराबंदी करके सुनील को पकड़ लिया। इसके अलावा उसके सहयोगी रवि, योगेश की पत्नी रश्मि और अंकित को पुलिस ने अकोला चौराहा से गिरफ्तार किया है। तीनों कहीं भागने की फिराक में थे। इन चारों के पास से पुलिस ने एक तमंचा और तीन कारतूस बरामद किए हैं। मुख्य आरोपी योगेश फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# Disappointment for the audience in Ahmedabad, the final could not be held due to rain; Decision will be taken on reserve day

About one lakh spectators reached to watch the match in Ahmedabad. However, he was disappointed. Most of the fans turned up to see Mahendra Singh Dhoni, the 41-year-old captain of Chennai Super Kings. Now he will get the opportunity to see Dhoni again on Monday. Today there was a flood of yellow color in the entire stadium. The final of the 16th season of IPL between Chennai Super Kings and Gujarat Titans could not be held due to rain on




Sunday (May 28). Now the champion will be decided on the reserve day on Monday. The toss could not even take place on Sunday due to incessant rain. The rain turned the stadium into a pond. The umpires decided not to have the match today after talking to the coach and captain of both the teams. The rain stopped late at 11 pm, but it would take at least an hour to make the ground playable. If there was a match after that, both would have got only five overs each. The umpires postponed the match today after talking to the coach and captain of both the teams. About one lakh spectators turned up to watch the match in Ahmedabad. However, he was disappointed. Most of the fans turned up to see Mahendra Singh Dhoni, the 41-year-old captain of Chennai Super Kings. Now he will get the opportunity to see Dhoni again on Monday. Today there was a flood of yellow color in the entire stadium. IPL gave an update about the match on Twitter. He wrote – The final of IPL has been postponed till May 29 at 7:30 pm. The match will be played on the Reserve Day at the Narendra Modi Stadium in Ahmedabad. Today's physical tickets will be valid tomorrow. We request you to keep the ticket safe and intact.Actually, it is believed that this could be Dhoni's last IPL. In such a situation, the fans do not want to miss any chance to see him play. Be it Mumbai or Kolkata or Jaipur or Punjab or Lucknow, everywhere CSK supporters turned up in large numbers to cheer Dhoni.

# 'Naam Bade and Darshan Chhote', these players embarrassed by their performance, will never forget this moment

IPL is a platform where many young players get a chance to make a difference in the world with their performance. So at the same time, many players are seen taking full advantage of this opportunity. In the 16th season of IPL, some players put up an embarrassing performance. These players will never forget those moments even in their whole life. In such a situation, let us know about these players in detail through this article. These players were embarrassed by their performance in IPL 2023- 1. Arjun Tendulkar (Arjun Tendulkar) –



Arjun Tendulkar's name is at number one, who played in Punjab in IPL 2023. Proved to be very costly against the Kings. He had looted 31 runs in this match. Arjun became Mumbai's second highest run spender. 2. Yash Dayal - In IPL 2023, Rinku Singh gave KKR a historic win by hitting 5 sixes in 5 consecutive balls in the last two overs against Gujarat Titans. He scored a total of 30 runs in Yash Dayal's over. In such a situation, this was the worst record of Yash Dayal this season. 3. Piyush Chawla – Mumbai Indians veteran bowler Piyush Chawla is at number three in the list, who became the first Mumbai Indians bowler in IPL history against whom batsmen hit more than 200 sixes.4. Dinesh Karthik – Let us tell you that in the history of IPL, Dinesh Karthik became the first batsman to get duck out for the maximum number of times. RCB's wicket-keeper batsman Dinesh Karthik was dismissed for zero for the 17th time against Gujarat Titans. He has left Rohit Sharma behind in this matter. 5. Harry Brook – Please tell that Harry Brook scored the first century in IPL 2023. He was included in their camp by the SRH franchise for Rs 13.25 crore, but this season he looked like a flop. He could not even score 200 runs in 11 matches.

## IPL champion will be available for the first time on Reserve-Day, Super-over is also being made, who will be crowned?

The final between Chennai and Gujarat got off to a bad start. The day of May 28 was washed away by rain. It rained heavily in Ahmedabad at the time of the match on Sunday. Let us know what will happen if it rains on May 29 as well… The title match of the rain-interrupted IPL 2023 has now reached the reserve-day. This is the first time in IPL history that the title match has reached reserve-day. Earlier the results of all the finals came after the full match of 20-20 overs on the fixed day. Four-time champions Chennai Super Kings will face defending champions Gujarat Titans in the final.

The match will be played at the Narendra Modi Stadium in Ahmedabad. Talking about the time, the match will start at its scheduled time at 7.30 pm, while the toss will take place half an hour before that i.e. at 7.00 pm. In the last 60 days, the fans were treated to Jhajjam cricket and a total of 73 very interesting matches were played in the league. Including the league round and the playoffs, only one match before the final was abandoned due to rain. The match was to be held between Chennai and Lucknow at the Ekana Stadium. The final is the second match in which rain interrupted and washed out a full day's play. However, whether it rains or the match is canceled today, the champion is sure to be found. The journey of this biggest league of the world will end today itself. For the first time since IPL 2019, IPL returned to home and away format. This season turned out to be a super hit and the playoff teams were not finalized till the last match in the league round. This season started with the match between Chennai and Gujarat in Ahmedabad itself and is ending with the same match. This has also happened for the first time in IPL history. Now it will be interesting to see which team wins. However, after being washed away by rain on the first day, there is now a threat of rain on the reserve day as well. Let us know what will happen if it rains in this match even on the reserve day… First of all, know the weather condition in Ahmedabad – It has rained in most parts of the country in the last few days and this is the most likely event of IPL 2023. Affecting important matches. According to the report of Accuweather, there was a possibility of rain in Ahmedabad on Sunday evening.

There was a 40 per cent chance of rain on Sunday evening and it spoiled the entire day's play. There are chances of rain on Monday as well. According to AccuWeather's report, there are chances of rain between 4 pm to 6 pm on Monday. Even though there was little chance of rain after 7 pm on Sunday, it rained and spoiled the match. Now it remains to be seen what the situation is on Monday. According to the report, 40 to 50 percent rain is expected from 4 pm to 6 pm. The sky is expected to remain clear from 7 pm. In such a situation, the toss can be timed. Is there an additional cut-off time to finish the match? Additional 120 minutes or two hours will be available to complete the match. If it rains, the umpires wait for a few hours to conduct the full match. Even on Sunday, the cut-off time for the 20-20 over match was 9.35 pm. After this the over cuts were to start. The cut-off time was set at 12.26 pm to have at least a five-over match. That is, by this time the umpires would have waited for a match of at least five overs. What if the match is interrupted by rain? If the team plays all its quota of overs in the first innings, then the other team will also have to play five overs to decide the match under Duckworth-Lewis rule. If the match is washed out by rain after the other team has played five overs, the Duckworth-Lewis method will be used to decide the winner. If for some reason both or any one team is unable to play five overs and rain stops after crossing the cut-off time, then certain rules will be applied. Let's know... There was no super over rule on the first day, but the super over rule will also be added on the reserve-day. Even if there is no five-over match, both the teams will play a super over and in the super over it will be decided which team will become the champion. Today, apart from the five-over match, there will be a cut-off time for the super over as well.

Even today, if the match is not played due to rain, then the team on top of the points table during the league round will be considered as the winner. At the end of the league round, Gujarat were on top with 20 points, while Chennai were second with 17 points. If the match is not played at all due to rain, then the team of Gujarat Titans will become the champion. What happened on Sunday? - Actually, the rain stopped before the cut-off time that was kept. However, the rain was so intense that the stadium turned into a pond. In such a situation, the ground staff and super-sopers had to work very hard to dry the pitch and it took a lot of time. The umpires had told that it would take an hour for the ground staff to bring the pitch into playing condition. The cut off time was 12.06 in the night and before that the rain had stopped at 11. However, no team could take the risk of finishing a big match like the final in five overs. Also, due to heavy rain, a player could get hurt. In such a situation, it was postponed to the next day i.e. today. Pitch Report- Ahmedabad's Narendra Modi Stadium in IPL 2023 has been one of the best batting surfaces in the country. This pitch helps the batsmen a lot. It rained runs and sixes in Qualifier-2 between Gujarat and Mumbai. batsman there Courtesy surface and saw high scoring matches between Mumbai and Gujarat. The fast bowlers get some help in the beginning. Especially for fast bowlers who hit the deck hard and try to extract bounce. The spinners may get some help as the match progresses. The average first innings score in the eight matches played here this season has been 193. However, it will be largely cloudy during the match. In such a situation, overcast condition is expected in Ahmedabad. In the beginning, fast bowlers can get help. The conditions for batting got much better as the game progressed in the Gujarat Titans vs Mumbai Indians match. Due to the moisture, the bowlers were getting less bounce in the first few overs. Later it became very easy to bat. It rained heavily on Sunday, so there could be some dampness in the ground. Batting will not be that easy. In the eight matches played at this stadium in IPL 2023, the team chasing the target has managed to win thrice. At the same time, the team batting first has won five matches. This season has seen some high-scoring encounters at the venue. According to the history of the stadium, teams chasing and teams batting first have similar success. However, in the last five matches played here, the team batting first has managed to win. Along with this there will be the pressure of the final. In such a situation, the captain winning the toss can choose to bat first.

# शत प्रतिशत रहा डॉ.ए.वी.एम. पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं का नतीजा



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच
लुधियाना - ईसा नगरी पुली स्थित डॉ.ए.वी.एम. पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने दसवीं कक्षा के परिणामों में भी अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराते हुए, शत प्रतिशत नतीजा हासिल किया है। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर राजीव कुमार लवली और प्रिंसीपल मनीषा गाबा ने सभी विद्यार्थियों और अध्यापक व स्टाफ के सदस्यों को बधाई दी और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की।

उन्होने पहले, दुसरे व तीसरे नंबर पर रहने वाले छात्रों को विशेष रूप से पुरस्कार भी वितरित किए। दसवीं कक्षा के नतीजों में नवीन कुमार ने 90 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तपस्या ने 89 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी तरह, जसकीरत सिंह और अमित यादव 86-86 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार तान्या, और आदित्य सिंह ने 83 प्रतिशत, कोमल ने 81 प्रतिशत, काजल ने 80 प्रतिशत, वर्षा व गुरसेवक ने 79 प्रतिशत अंक, योगेश चावला और हेमलता ने 78 प्रतिशत अंक, रमसा सदीक ने 76 प्रतिशत तथा मुकेश ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।इस दौरान स्कूल के अध्यापक और अन्य स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे।

# आरक्षण चोर फड़ो पक्का मोर्चा मोहाली कमेटी के निर्णय के तहत जिला कल्याण अधिकारी लुधियाना के कार्यालय के बाहर धरना दिया गया



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच
लुधियाना -लुधियाना- आरक्षण चोर फड़ो पक्का मोर्चा मोहाली कमेटी द्वारा दिए गए कार्यक्रम के तहत आज सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला सामाजिक, न्याय एवं अल्पसंख्यक अधिकारी (जिला कल्याण अधिकारी ) लुधियाना के कार्यालय के बाहर लुधियाना जिले से जुड़े दलित नेता रतन सिंह कमलपुरी, गुरदीप सिंह काली पायल, अमरीक सिंह नूरपुर बेट, अवतार सिंह नंदपुर व मास्टर बीर सिंह संगोवाल ने अपने साथियों सहित भूख हड़ताल पर बैठ कर धरना दिया ।

मोहाली मोर्चा के वरिष्ठ नेता जसवीर सिंह पमाली ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बड़े आश्चर्य की बात है कि मोर्चा के वरिष्ठ सदस्यों ने पंजाब सरकार को सबूत दिया है और विभाग उन दावों की जांच में देरी कर फर्जी एससी लोगों को बचा रहा है, जबकि कई असली एससी परिवार इतने फर्जी एससी लोगों के कारण गुरबत की जिंदगी जीने को मजबूर हैं. उन्होंने आगे कहा कि हालांकि सरकार और विभाग आज उनकी रक्षा कर रहे हैं, लेकिन हम सरकार को स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि जब तक सरकार आरक्षण चोरों को पकड़कर जेलों में बंद नहीं कर देती, तब तक हम चुप नहीं बैठेंगे।

धरने को संबोधित करते हुए दलित कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रतन सिंह कमालपुरी ने कहा कि आज प्रदेश के दलित समाज को यह समझना चाहिए कि पिछली सरकारों ने हमें केवल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया लेकिन अब समय आ गया है जब हम अपने अधिकारों के लिए खड़े हों. और रुचियां। हम लड़कर आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुनहरा बना सकते हैं, तो आइए जुड़कर मोहाली पक्का मोर्चा को सफल बनाएं ताकि अन्नी और बोल्ही सरकार को दलित शक्ति का अहसास हो सके। इस समय प्रीतम सिंह मुल्लांपुर, चरणजीत सिंह त्रीके, धर्मपाल सिंह मुल्लांपुर, तरलोक सिंह मुल्लांपुर, दविंदर सिंह मोही, सुखदेव सिंह हैप्पी मुल्लांपुर, सुरिंदर सिंह प्रताप सिंह वाला, आरके सिंह लुधियाना, बलदेव सिंह, डॉ रूपिंदर सिंह समतर, हरदेव सिंह बोपाराय जसवंत सिंह संगोवाल, रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# डेयरी पशुओं की उत्पादकता में सुधार करने के लिए, वेट वर्सिटी ब्रेनस्टॉर्मिंग सत्र आयोजित किया




सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच
लुधियाना - लुधियाना- डेयरी पशुओं की प्रति पशु उत्पादकता बढ़ाने और भविष्य की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, लुधियाना में पशु प्रजनन और प्रबंधन पर दो विचार-मंथन सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों की अध्यक्षता कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने की। पुनरुत्पादन सत्र के विशिष्ट अतिथि थे डॉ. ए के मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, नई दिल्ली, डॉ. श्याम जावर, राष्ट्रीय सलाहकार, आईवीएफ-लैब्स, भारत सरकार के साथ-साथ डेयरी उद्यमी नरिंदर सिंह और करण फ्रंटियर डेयरी जंक्शन, लुधियाना। प्रबंधन सत्र में आमंत्रित विशेषज्ञ डॉ. आर.एस. यादव, सेवानिवृत्त थे। प्रोफेसर, पशुधन उत्पादन प्रबंधन विभाग, हिसार कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, डॉ. ए.के. बल्हारा, वरिष्ठ संदीप एस. रंधावा, डेयरी उद्यमी के साथ वैज्ञानिक, केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान, हिसार। सत्र में विश्वविद्यालय के डीन और निदेशक भी शामिल हुए। प्रजनन सत्र में जिन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई

उनमें कम गर्भाधान दर के साथ खराब कृत्रिम गर्भाधान कवरेज, गुणवत्ता की उपलब्धता की समस्याएं थीं जननद्रव्य, किसान के घर तक अल्ट्रासोनोग्राफी के उपयोग की सीमा, बांझपन आदि प्रबंधन सत्र में उठाए गए मुद्दों में उच्च बछड़ा मृत्यु दर, विदेशी गायों का सूखना, देशी डेयरी पशुओं में कम स्तनपान, पशुओं में कमी, भैंसों में दूध कम होने की समस्या, पशु उत्पादकता में जलवायु चुनौतियां, वैज्ञानिक ज्ञान पर किसानों की जागरूकता, रिकॉर्ड रखना, आदि शामिल थे। सदन ने कुछ प्रमुख सिफारिशें कीं, वे 10 पशुओं के न्यूनतम पालन, गुणवत्ता वाले हार्मोन के उत्पादन के लिए निर्माण इकाइयों, बड़े पैमाने पर सहायक प्रजनन तकनीकों का उपयोग करने के लिए सरकार से किसानों को समर्थन दिया गया। सदन ने प्रशिक्षितों की पर्याप्त संख्या को पूरा करने की भी सिफारिश की कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन, मानक पैकेज का विकास और बछड़ा पालन का अभ्यास, स्वच्छ दूध उत्पादन के लिए मशीन से दूध निकालने को बढ़ावा देना, स्वदेशी मवेशियों और भैंसों पर जोर देना और किसानों को शिक्षित/प्रशिक्षित करने के लिए अधिक विस्तार सेवाएं। डेयरी पशुओं की उत्पादकता में सुधार के लिए राष्ट्रीय स्तर की नीतियां बनाने के लिए 1-2 जुलाई 2023 को गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पशु चिकित्सा विज्ञान अकादमी के दीक्षांत समारोह में इन सिफारिशों पर प्रकाश डाला जाएगा।

# गुरु अर्जन देव जी की शहादत व जून 84 घलूघारा के शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच
लुधियाना - श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत और जून 84 घलूघारा के शहीद सिंह, सिंघानियों की स्मृति को समर्पित मानवता की भलाई के लिए भाई घनैईयाजी मिशन सेवा सोसाईटी ( रजि. ) के प्रधान सेवादार जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा के नेतृत्व में 633वां महारक्तदान शिविर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ई
ब्लॉक भाई रणधीर सिंह नगर के अध्यक्ष गुलबहार सिंह, सचिव प्रभजोत सिंह व पूरी कमेटी को पूरे सहयोग से लगाया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते एडवोकेट महेशिंदर सिंह ग्रेवाल ( पूर्व कैबिनेट मंत्री ) उपाध्यक्ष शिरोमणि अकाली दल ने शहीदों की स्मृति में आयोजित महारक्तदान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि जो कौमे अपने शहीदों की स्मृतियों को मनाते हैं, वे कौमे सदैव जीवित रहते हैं, शहीद राष्ट्र की बहुमूल्य पूंजी होते हैं। इस मौके पर जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा प्रमुख सेवादार भाई घनैईयाजी मिशन सेवा सोसाईटी ( रजि. ) ने कहा कि रक्तदान शिविर के दौरान प्रीत अस्पताल के सहयोग से 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जो जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दिया जाएगा।

इस मौके पर सुखजिंदर सिंह जोड़ा, कमलजीत सिंह मथारू, ऋषिपाल सिंह, दिलबाग सिंह, गिरदौर सिंह, अशोक कुमार भाना समेत गुरुद्वारा साहिब की पूरी मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य मौजूद थे ।

# CBI ने रोल्स रॉयस और कंपनी से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ दर्ज किया केस, जानें क्या है मामला




सीबीआई के अनुसार अज्ञात लोक सेवकों ने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग किया और 734.21 मिलियन ब्रिटिश पाउंड में कुल 24 हॉक 115 एडवांस जेट ट्रेनर ( एजेटी ) विमानों को मंजूरी दी और खरीदारी की।सीबीआई ने रोल्स रॉयस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से हॉक विमान की खरीद के मामले में भारत सरकार को धोखा देने के आरोप में ब्रिटिश एयरोस्पेस कंपनी रॉल्स रॉयस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, रोल्स रॉयस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर टिम जोन्स के खिलाफ मामाला दर्ज किया है। इसके अलावे निजी व्यक्तियों सुधीर चौधरी, भानु चौधरी और अन्य अज्ञात लोक सेवकों व निजी व्यक्तियों के खिलाफ भी केस दर्ज कराया गया है। यह कार्रवाई ब्रिटेन की मेसर्स रोल्स रॉयस टर्बोमेका लिमिटेड और उसके सहयोगी समूह की अन्य कंपनियों से किए गए लेनदेन के सिलिसले में की गई है

## ये है पूरा मामला

सीबीआई के अनुसार अज्ञात लोक सेवकों ने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग किया और 734.21 मिलियन ब्रिटिश पाउंड में कुल 24 हॉक 115 एडवांस जेट ट्रेनर ( एजेटी ) विमानों को मंजूरी दी और खरीदारी की। इसके अलावा उक्त निर्माता की ओर से आपूर्ति की गई सामग्री के लिए मैसर्स हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ( एचएएल ) की ओर से बनाए जाने वाले 42 अतिरिक्त विमानों की समग्री के लिए 308.247 मिलियन डॉलर का भुगतान किया गया। विनिर्माण लाइसेंस फीस के लिए रूप में भी 7.5 मिलियन डॉलर के भुगतान की मंजूरी दी गई। उक्त निर्माता और उसके अधिकारियों की ओर से बिचौलियों को भारी रिश्वत, कमीशन और लाइसेंस शुल्क का भुगतान किया गया।

बिना किसी सिक्यूरिटी के डेली अख़बार आवश्यकता है
सभी जिले में ब्यूरो,स्थानीय रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
KNLS लाइव
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
*वेलकम किट लेना अनिवार्य है

# गोधन न्याय योजना बना अतिरिक्त आय का जरिया, सरकार के सपने हो रहे साकार

## भैयाथान जनपद के सभी गौठानों से समूह की महिलाएं हो रही है आर्थिक रूप से सशक्त

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- राज्य सरकार की गोधन न्याय योजना गौपालकों एवं किसानों के लिए आर्थिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण साबित हो रही है। जिससे ग्रामीणों में पशुपालन को लेकर रुझान बढ़ रहा है, वही किसान गोबर बेचकर आर्थिक रूप से सशक्त भी हो रहे है। एक समय किसी ने यह सोचा नहीं होगा कि गोबर विक्रय कर आय अर्जित किया जा सकता है। लेकिन आज शासन की महत्वकांक्षी योजना के माध्यम से यह कर दिखाया, जहां गोबर खरीद कर किसानों, गौपालकों को राशि प्रदान कर रही है, वही महिला समूह के माध्यम से बनाए जा रहे वर्मी कम्पोस्ट से अब राज्य जैविक खेती की ओर अग्रसर भी हो रहा है। आइए आपको ले चलते है सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखंड की ओर जहां वर्तमान में 61 गौठान स्वीकृत है। जिसमें से 54 गौठानो में नियमित रूप से गोबर की खरीदी हो रही है। गौठानो से जुड़ी महिला स्व सहायता समूहो से वर्मी कंपोस्ट खाद के उत्पादन में जुटे है और इन्हें बेच आय अर्जित कर रहे हैं समूहों के माध्यम से अन्य गतिविधियों का भी संचालित किया जा रहा है जिसका क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।



गोधन न्याय योजना पशुपालक किसानों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए अतिरिक्त आय का जरिया बन चुका है। इससे पशुपालक किसान व समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। वहीं इस योजना के शुरू होने से किसान जैविक खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। गोधन न्याय योजना के तहत 02 प्रति किलोग्राम की दर से 54 सक्रिय गौठानों में गोबर विक्रय करने के लिए 1489 पशुपालकों ने अपना पंजीयन कराया है। गौठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्व-सहायता समूह की महिलाएं अब सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त होने की दिशा में अग्रसर है। गांव-गांव में गोबर खरीदी से ग्रामीणजन कई तरह के सुविधाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग ग्रामीण महिलाएं अब अपने बच्चों की स्कूली पढ़ाई-लिखाई के साथ कई छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में कर रहें हैं। गौठान में पशुओं के लिए डे केयर सेटर के रूप में विकसित किया है। जिसके अंतर्गत चारा खिलाने हेतु कोटरा निर्माण, पेयजल हेतु पानी टंकी का निर्माण बारिश के दिनों में पशुओं के बैठने हेतु चबूतरा निर्माण, अंजोला टैक निर्माण, बकरी शेड, मुर्गी शेड, मशरूम शेड का निर्माण किया गया है। गौठानो में खीरा, आलू, तरबूज टमाटर व अन्य मौसमी सब्जियां लगाया गया है और स्वयं सहायता समूह और समिति प्रबंधन लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पूर्व में अदरक, हल्दी टमाटर, खीरा, तरबूज, आलू एवं अन्य मौसमी सब्जी उत्पादन पर लाखों रुपए प्राप्त कर चुके हैं। उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट को सोसायटियों एवं किसानों को विक्रय कर प्राप्त आय से वे अपने घरेलू खर्च एवं अपनी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला है। समूह की महिलाएं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दे रही है।

### स्व. सहायता समूह की महिलाएं हो रही काफी प्रसन्न

भैयाथान विकासखंड के खोपा गौठान में तुलसी महिला समूह के द्वारा बाड़ी विकास तीन लाख 34 हजार, ज्योति महिला समूह मुर्गी पालन 1 लाख 80 हजार, साक्षी महिला समूह मशरूम उत्पादन 40 हजार एवं बकरी पालन, अंडा उत्पादन ,गमला निर्माण, राइस मिल, मछली पालन कर रही है। समूह की महिलाएं बताती है कि गौठान में शासन द्वारा अच्छी जगह दी गई है, जिसका उपयोग कर वे भविष्य में दोना-पत्तल, निरमा एवं अन्य निर्माण कार्य प्रारंभ करने की कार्ययोजना बना रही हैं। ताकि घर पर रहकर अच्छा मुनाफा हो सके और अपनी जरूरतों को पूरी कर सके। अपने इस काम से स्व सहायता समूह की महिलाएं बहुत खुश हैं। गौठान के संबंध में जनपद सीईओ विनय गुप्ता ने बताया कि विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जैविक खाद बेचकर अब तक लाखों रुपए आए अर्जित कर चुके हैं। गोधन योजना से समूह की महिलाओं ने सिद्ध किया है कि यदि किसी काम को लगन से किया जाए तो उसका परिणाम सुखद ही होता है समूह की महिलाओं को कृषि विभाग के द्वारा वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार करने का नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है। आवश्यकता अनुसार सभी तकनीकी सहयोग भी दिया जाता है यही कारण है कि खाद का उत्पादन बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण हो सका है। नियमित रूप से सभी गौठानो में गोबर की खरीदी की जा रही है और पशुओं की रहने के लिए उचित व्यवस्था की गई है। जैविक खाद तैयार करने में सक्षम हो गई हैं एवं अपने आय में दिन-प्रतिदिन वृद्धि कर लाखों रुपए कमा रही है। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो रहा है।

# शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने के प्रयास वालों के ऊपर कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ग्राम पंचायत माडर का मामला ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन ओड़गी - सूरजपुर जिले के ओड़गी? विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत माडर में कुछ लोगों के द्वारा खेल ग्राउंड शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

जिसके सम्बन्ध में ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी के नेतृत्व में सूरजपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा गया है और तत्काल कार्यवाही करने की मांग की गई है। विकास खंड के ग्राम पंचायत माडर के शासकीय भूमि खसरा नम्बर 252 रकबा 1.96 हे. है उक्त भूमि बच्चों के खेल मैदान हेतु आरक्षित है । परंतु उक्त भूमि पर ग्राम के ही कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त संबंध में ओड़गी तहसीलदार को आवेदन पत्र दिया गया था जिस पर तहसीलदार महोदय ओड़गी के द्वारा अनावेदकगण रामधन आ. अदल , शिवमंगल आ. अदल , रामदेव आ. अदल , सतपाल आ. रामबरन ,समय लाल आ. खीरन ,अमीरसाय आ. रामसुन्दर , उमेश्वर आ. कैलाश विकास आ. शिवमंगल सभी जाति रजवार, निवासी ग्राम बिलासपुर, तहसील ओड़गी, जिला- सूरजपुर ( छ. ग. ) पंजीबद्ध कर स्थगन आदेश जारी किया गया है परंतु तहसीलदार के आदेश को दरकिनार करते हुये अनावेदकगण के द्वारा निर्बाध गति से निर्माण कार्य किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि उन्हें प्रशासन का तनिक भी डर नहीं है। उक्त भूमि को अतिक्रमण कर लिये जाने से ग्राम में असंतोष की स्थिति निर्मित है तथा अन्य ग्राम वासियों का भी मनोबल बढ़ रहा है।अनावेदकगण के संबंध में सख्त निर्णयात्मक कार्रवाई उचित और आवश्यक है। इस मौके पर भाजपा मंडल ओड़गी महामंत्री प्रवीण गुर्जर, कोषाध्यक्ष संधारी यादव, नंदलाल, रमेश,लालसाय, गोकुलराम, सुखदेव, शिवनाथ, अमर सिंह, सुरेन्द्र , शोभनाथ, व माधव प्रसाद उपस्थित रहे।




# ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण लाइट वोल्टेज डिम, तेज गर्मी में ग्रामीण हो रहे परेशान

## पिछले 2 वर्षों से विद्युत विभाग बैठा मौन

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर- जिले के दूरस्थ क्षेत्र ग्राम पंचायत नावाटोला में 2 वर्ष से ट्रांसफार्मर का 2 फेस जल जाने से ग्रामीणों को फुल लाइट बिजली नहीं पहुंच पा रही है। जिससे कि मुहल्ले भर के लोग गर्मी से परेशान हैं। वही आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ताओं ने जाकर नारेबाजी किया और जल्द से जल्द लाइट बनवाने की आश्वासन ग्रामीणों को दी। विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के कारण लगभग 2 वर्ष से एक ट्रांसफार्मर में सौ से डेढ़ सौ लोगों के घर बिजली प्रवाहित होती है। जिसके कारण लाइट डिम हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इसकी सूचना सरपंच को दी जा चुकी है और बिजली विभाग को भी दे दी जा चुकी है लेकिन इसकी सुधार नहीं हो पाया है हम सभी ग्रामीणों ने बिजली का बिल बराबर भरते आ रहे हैं लेकिन बिजली सही ढंग से हम लोगों को नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण गर्मी के दिनों में ग्रामीण पेड़ के नीचे रात में सोने को मजबूर कीड़े मकोड़े के डर से ग्रामीण हमेशा दहशत में रहते हैं। जिसे देखते हुए वहीं आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार काशी ने कहा अगर इसकी सुधार जल्द से जल्द नहीं हुई तो हम सभी कार्यकर्ता मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान विनय साकेत, विजेंद्र कुमार, राजेश कुमार बसोर, विकेश कुमार साकेत, रामकृपाल ,अवधेश कुमार, सवाई लाल, गोरेलाल, गुल्लू साहू, बृजेश कुमार महेश मटुक लाल अनिल कुमार मिथिलेश कुमार अरविंद कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे



# नीरज दौनेरिया बोले : अयोध्या के बाद अब मथुरा और काशी को मुक्त कराने का समय, हिंदू समाज को होना होगा एकजुट

माधव ज्ञान केंद्र में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने धर्मांतरण, लव जिहाद, गोहत्या, गो तस्कारी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर बेवाकी से अपनी राय जाहिर की। कहा कि राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ बजरंगदल चट्टान बनकर खड़ा है। लव जिहाद और धर्मांतरण के जरिए इस्लामिक राष्ट्र घोषित करने की तैयारी की जा रही है।बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने रविवार कहा कि हिंदू समाज की रक्षा के लिए एकजुट होना पड़ेगा। बिखराव समाज के लिए ठीक नहीं है। 70 साल पहले बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने संबंधी जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना सैयद अरशद मदनी के बयान पर उन्होंने तीखा पलटवार किया। कहा कि उस समय बजरंग दल जैसा संगठन होता तो मदनी जैसे लोग हिंदुस्तान में न होते। माधव ज्ञान केंद्र में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने धर्मांतरण, लव जिहाद, गोहत्या, गो तस्कारी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर बेवाकी से अपनी राय जाहिर की। कहा कि राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ बजरंगदल चट्टान



बनकर खड़ा है। लव जिहाद और धर्मांतरण के जरिए इस्लामिक राष्ट्र घोषित करने की तैयारी की जा रही है। हिंदू बहनों की कोख मुसलमान बच्चे पैदा किए जा रहे हैं। उनकी जनसंख्या बढ़ाई जा रही है। बजरंग दल उनके इस अभियान के आड़े आ रहा है। उन्होंने बताया कि लव जिहाद में फंसी बहनों की बजरंग दल हर प्रकार से मदद कर रहा है। शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के बारे में उन्होंने कहा कि इसमें कार्यकर्ताओं को शारीरिक व बौद्धिक प्रशिक्षण दिया जाता है। ताकि, आपात स्थिति में बजरंगियों को तैयार लड़ने में सक्षम बनाया जा सके। उन्होंने बजरंग दल की रणनीति पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही संगठन की ओर से दो - तीन नवंबर को एक लाख यूनिट रक्तदान कराने के साथ ही जुलाई व अगस्त में साढ़े पांच लाख पौधरोपण कराने की भी जानकारी दी।

### गुलामी के प्रतीकों को समाप्त कर भविष्य की स्वर्णिम गाथा लिखना ही उद्देश्य

नैनी। हजारों मंदिरों को छोड़कर हिंदू समाज ने तीन मंदिर काशी, मथुरा, अयोध्या को मांगा था। मथुरा और काशी को मुक्त कराने का समय आ गया है।

माधव ज्ञान केंद्र में चल रहे बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण के समापन समारोह में यह बातें राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कही। उन्होंने कहा कि सैकड़ों वर्ष के कलंक के ढांचे को बजरंग दल ने नष्ट किया है। अब किसी ने पत्थर फेंकने की हिमाकत की तो जवाब पत्थर से दिया जाएगा। हमने तय किया है कि हिंदू समाज की अस्मिता से खिलवाड़ करने वालों को समाप्त किया जाएगा। कहा कि हिंदू धर्म विरोधियों को दल चेतावनी देता है कि यदि राष्ट में रहना है तो राष्ट्र की अस्मिता से खिलवाड़ करने का दुस्साहस बंद करे। नहीं तो परिणाम गंभीर होंगे। बजरंग दल गुलामी के प्रतीक चिह्नों को समाप्त करते हुए आने वाले भविष्य की स्वर्णिम गाथा लिखने में जुटा है। हम निरंतर हिंदू धर्म, संस्कृति के संवर्धन व संरक्षण की ओर बढ़ रहे हैं। सामाजिक समरसता के भाव से धर्मांतरण पर भी रोक लगाई जा सकती है। राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने रविवार को कहा कि हिंदू समाज की रक्षा के लिए एकजुट होना पड़ेगा। राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ बजरंगदल चट्टान बनकर खड़ा है। कहा कि हम निरंतर हिंदू धर्म, संस्कृति के संवर्धन व संरक्षण की ओर बढ़ रहे हैं।

माधव ज्ञान केंद्र में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि सामाजिक समरसता के भाव से धर्मांतरण पर भी रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने शौर्य प्रशिक्षण वर्ग व संगठन की ओर से दो व तीन नवंबर को एक लाख यूनिट रक्तदान कराने के साथ ही जुलाई व अगस्त में साढ़े पांच लाख पौधरोपण करने की बात भी बताई। इस दौरान 70 साल पहले बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने संबंधी जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना सैयद अरशद मदनी के बयान पर उन्होंने तीखा पलटवार किया।

# सौर ऊर्जा खराब होने से पानी के लिए हो रही किल्लत, भीषण गर्मी में पानी के लिए तड़प रही जनता

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से नावाटोला साहू पारा में सौर ऊर्जा लगभग 1 वर्ष से खराब हो गया है

जिसमें लगभग मुहल्ले भर के लोग पानी के लिए तड़प रहे हैं। सौर ऊर्जा खराब होने के कारण आसपास के दूर-दूर कुआ नल से पानी



लाकर पानी पीने के लिए मजबूर हैं। वही आज आम आदमी पार्टी ने सवाल खड़ा करते हुए कहा की वर्तमान में चल रही सरकार की लापरवाही का भुगतान आज ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है

लोग 400 मीटर दूर से पानी लाकर पीने के लिए मजबूर हैं और भारी संख्या में लोग पानी के लिए तड़प रहे हैं। आम आदमी पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार काशी अपने कार्यकर्ताओं के साथ वहां पर पहुंचकर जनता की समस्याओं का निराकरण करने की बात कही है

अगर सप्ताह भर में निराकरण नहीं हुआ और शासन प्रशासन नहीं ध्यान दे दिया तो उग्र आंदोलन करने की बातें कही है।

# Greenery in the cryptocurrency market, bitcoin and ethereum jumped three percent each

In terms of market cap, the top-10 cryptocurrencies were seen trading on the green mark during Monday's trading session. Today the best bullishness is being seen in Ethereum. Cryptocurrencies have also shown strength on a weekly basis and all of the top 10



cryptocurrencies are seen trading on the green mark. Today there is a great buzz in the cryptocurrency market. In terms of market cap, the top-10 cryptocurrencies were seen trading on the green mark during Monday's trading session. Today the best bullishness is being seen in Ethereum. On a weekly basis as well, cryptocurrencies have shown strength and all of the top 10 cryptocurrencies are seen trading in the green. The largest cryptocurrency BitCoin has strengthened by more than two and a half percent during this period. One bitcoin is currently trading at a price of $ 27,930.74 (Rs 23.08 lakh) with a gain of 2.85%. At the same time, the second largest crypto Ethereum has also become stronger by 3 percent and has crossed $ 1900. The global market cap of the entire crypto market has increased by 2.32 percent during the last 24 hours and has reached $ 1.16 lakh crore (Rs 95.84 lakh crore).




# Due to the wide culture of Flipkart Hub, Divyangs are getting a chance to move forward

In the year 2021, Flipkart opened a hub in Delhi which is completely run by Divyang. Apart from completing 2,000 deliveries every day, this hub provides employment to over 50 people daily. This hub also has a customer satisfaction rating of 97%. Talented, capable and skilled people work in this hub as team leads, cashiers, delivery executives, packers and sorters. There is a clear and strong need for a culture of diversity and inclusion (D&I) at workplaces today and there are many reasons for this. A diverse workforce enables organizations to tap into a much larger talent pool and catalyze greater innovation and collaboration, bringing together diverse experiences and perspectives. Those companies perform best where their team leader not only listens to each employee, but also understands their ideas, suggestions and concerns. Flipkart is one organization that understands how inclusion, trust, support and empathy can make a positive impact on the lives of their employees. Flipkart features a wide variety of product line-up and the number of customers who shop here on a daily basis is also huge. At the same time, Flipkart takes great care to ensure that this same diversity is reflected in the employees who work here making their invaluable contribution to making Flipkart what it is. Flipkart is an e-commerce company that seeks to give a new identity to the perspective of individuals, regardless of their gender, caste, ethnicity or physical appearance. Along with this, it encourages its co-workers and team leaders to build a great team. It not only empathizes with its employees but also guides them to move in the right direction with their professional goals. Flipkart's culture encourages an open and inclusive mindset and always aims to actively hire diverse talent who respect the company's vision and contribute to its growth. Fostering a diverse, inclusive and fair workplace by employing over 2,100 persons with disabilities whose remarkable stories deserve recognition and appreciation not only on International Day of Persons with Disabilities, but every day. Let us find out what makes many of these people the heroes of their own story. People with disabilities often face many barriers that hinder their full and equal participation in society. While various programs and awareness campaigns aim to bridge this divide. Social exclusion and lack of access add to the challenges faced by people with disabilities. According to the 2011 census, there are approximately 26.8 million persons with disabilities in India. To provide equal opportunities for people with disabilities in its supply chain roles, Flipkart has created a special program to include more people with disabilities in its workforce. In the year 2021, Flipkart opened a hub in Delhi which is completely run by Divyang. Apart from completing 2,000 deliveries every day, this hub provides employment to over 50 people daily. This hub also has a customer satisfaction rating of 97%. Talented, competent and skilled people work in this hub as team leads, cashiers, delivery executives, packers and sorters. Joining the same hub is Shekhar, a Wishmaster at Flipkart and a father of four kids, sharing his experience; "A friend introduced me to Flipkart, and ever since I joined the company, I have never looked back. Today, I am confident that I can provide a secure future for all my children." Ajay, also associated with the same hub, is a Wishmaster and recounts one of his proudest moments; "After doing many odd jobs, I joined Flipkart. The happiness I felt when I gave my first salary to my parents cannot be described." In this episode Sangeeta who is now a team leader in the same hub also expressed her gratitude saying; "I have done many jobs, but in Flipkart, I have found my family." Sangeeta sharing her personal journey says; "Even today, women with disabilities face many challenges in our society. Due to past medical treatment, I have a defect in my leg, and I still walk with a limp. So you either accept it and Or choose to fight your destiny and I chose to fight my destiny." Shekhar Kumar, who does not have fingers on both his hands, shares his spirit of fighting back strongly; “I never considered myself disabled. I never gave up despite facing many difficulties to make a living, such as frequently injuring my fingers while carrying stones and bricks at a construction site But I persevered.” This process of actively encouraging and supporting diverse talent within Flipkart's supply chain is a great initiative to foster this culture. Along with this, special classes are organized to give training to the employees especially during the job. Their work is supported by training sessions in notation and sign language. Sensitivity training, empathy development and infrastructure changes have also been made to ensure accessibility within the supply chain facilities. Also special badges and flashcards are used by Wishmasters to enable easy communication with customers. Flipkart's culture of inclusion continues to lend its support to enable people like Sangeeta, Ajay and Shekhar to truly shine and feel a sense of belonging. Our struggles may be different, but we are all the heroes of our own stories, says Sangeeta with great clarity.



# चंपावत में किसानों और युवाओं के लिए आयोजित हुआ सेमिनार लडवाल फाउंडेशन एवं सोसायटी फॉर एम्पीरिकल एक्शन एंड रिसर्च ने किया आयोजन




राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच

चंपावत- लडवाल फाउंडेशन और सोसाइटी फॉर एम्पीरल एक्शन एंड रिसर्च के संयुक्त तत्वाधान में तिवारी होटल चम्पावत में किसान और युवाओं को कृषि एवं बागवानी के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीहॉक ग्रुप के चेयरमैन नरेंद्र सिंह लडवाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया साथ ही मुख्यमंत्री प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, जिला कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भंडारी, उप पशु विकास अधिकारी नरेंद्र प्रसाद आगरी, पशु चिकित्सा अधिकारी दीपक कुमार और उद्यान निरीक्षक निधि जोशी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में सन्दर्भ दाता के रूप में नरेन्द सिंह मेहरा (कृषक एवं कृषि अन्वेषक), टीएस बिष्ट (बागवान, ग्रामोद्योग समिति), मोहन सिंह बिष्ट (हिमालयी विकास समिति चल्थी, चम्पावत) और चन्द्र शेखर मुरारी, पिथौरागढ़ मौजूद थे कार्यक्रम में उद्यान निरीक्षक निधि जोशी ने उद्यान विभाग के द्वारा चलायी जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने बताया की विभाग के द्वारा दिए जारहे बीज और यंत्रों में 80 प्रतिशत की सब्सिडी डी जाती है7 पशु चिकित्सा अधिकारी दीपक कुमार ने बताया की पशुओं में बीमारी आदि की रोकथाम के लिए योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया 7 उन्होंने बताया की टिका करण के लिए टीम बनायीं गयी है जो की आस पास के गाँव में जा कर पशुओं का टीकाकरण करेंगें
कार्यक्रम के सन्दर्भ दाता नरेन्द्र मेहरा उत्तराखंड राज्य को जहरमुक्त जैविक खेती की पैरवी करते हुए कहा कि राज्य के पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए जैविक खेती को प्राथमिकता से अपनाना होगा। खेत और जंगल को और अधिक हरा-भरा बनाने के लिए हम जैविक खेती को अपना सकते हैं। नरेन्द्रमेहरा ने बताया की बिना रासायनिक खादों के भी हम जैविक खाद के द्वारा उन्नत खेती की जा सकती है और उन्होंने इसे गेंहूँ और हल्दी की पैदावार करके सिद्ध भी किया है उन्होंने नरेंद्र 09 गेंहूँ के बीज को दूसरे राज्यों में भी उगने के लिए प्रेरित किया गया है और इसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त किये कार्यक्रम में टीएस बिष्ट (बागवान, ग्रामोद्योग समिति) कृषि कार्यों के लिए अग्रणी रूप से 2002 से जाने जाते हैं। उन्होंने बताया की उत्तराखंड में पहली स्वयं सेवी संस्था जो गैनोडर्मा मशरूम उत्पादन हेतु वन अनुसन्धान सस्थान के सहयोग से शुरु किया मौन पालन हेतु स्विट्जलैंड का भ्रमण किया मणिपुर में आसाम रायफल के साथ खाद्य प्रसस्करण प्रशिक्षण, उड़ी, राजौरी, वारामूला में भारतीय सेना के साथ खाद्य प्रसस्करण प्रशिक्षण, और अन्य कृषि सम्बन्धी कार्य के सम्बन्ध में अपने सकारात्मक अनुभव साझा किये मोहन सिंह बिष्ट (हिमालयी विकास समिति चल्थी, चम्पावत)- उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य, नशीली दवाओं एवं शराब की रोकथाम, स्थानीय जड़ी-बूटियों का उपयोग, हर युवा के लिए नौकरी या रोजगार और महिलाओं और लड़कियों को सशक्त देखना चाहते हैं। वर्ष 1997 में मोहन सिंह बिष्ट ने सामाजिक कार्य अनुसंधान केंद्र, तिलोनिया के निर्देशन में हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति के सुदूरवर्ती क्षेत्रों जैसे तिगत विमरत और टिडी में काम शुरू किया। इधर, मोहन सिंह बिष्ट ने पुरुष और महिला के स्वयं सहायता समूह (एस.एच.जी.) बनाए और सौर ऊर्जा और हस्तशिल्प पर काम करना शुरू किया। उन्होंने मौन पालन, गिर गाय और जानवरों से खेतों की सुरक्षा के बारे में अपने विचार साझा किये
लडवाल फाउंडेशन और सोसाइटी फॉर एम्पिरल एक्शन एंड रिसर्च से डॉ शरत चन्द्र जोशी ने बतया कि संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका को बढाने हेतु कार्यरत है उन्होंने आये हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद् ज्ञापित किया और समय समय पर एस तरह के आयोजानो को करने की बात कही कार्यक्रम का संचालन डॉ भुवन चन्द्र जोशी ने किया कार्यक्रम में मनोज सिंह बोहरा, दान सिंह महर, विजय जोशी, गणेश महर, देव सिंह पुजारी, किशोर राम, नीरज जोशी, अमित तरागी, महेश ढेक, नीरज बिष्ट, प्रकाश चन्द्र जोशी आदि ने प्रतिभाग किया

# PWWA NAINITAL ने ''माहवारी स्वच्छता दिवस'' पर पुलिस परिवार की महिलाओं एवं महिला कार्मिकों हेतु जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच

हल्द्वानी- उत्तराखण्ड पुलिस वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तराखण्ड की अध्यक्ष डा0 अलकनंदा अशोक द्वारा पुलिस परिवार को स्वस्थ रखने हेतु लगातार विभिन्न स्वास्थ्य शिविर लगवाये जाने की प्रेरणा दी जा रही है। जनपद नैनीताल में उपवा की जिलाध्यक्ष हेमा बिष्ट की पहल पर नोडल अधिकारी उपवा विभा दिक्षित द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर दिनॉक-29.05.2023 को पुलिस परिवार की महिलाओं एवं पुलिस महिला कार्मिकों हेतु माहवारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाईन के सभागार में आयोजित किया गया।
कार्यक्रम में बी0डी0 पाण्डे अस्पताल से डॉ0 दीपा आर्या एलएमओ द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को बताया कि माहवारी एक सामान्य प्रक्रिया है। इसमें हम सब लोगों को खुलकर बात करनी चाहिए। खुलकर बात करने से महिलाओं में होने वाली कई प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। माहवारी के दौरान महिलाओं को किन-किन बातों पर गौर करना चाहिए इसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान साफ-सफाई को लेकर सतर्क रहने हेतु प्रेरित किया गया। जरा सी लापरवाही तमाम संक्रमण एवं बीमारियों का कारण बन सकती है।
बताया कि इस दौरान स्वच्छता का बहुत बड़ा रोल है, इसकी अनदेखी और कमी कई प्रकार की बीमारियों की वजह बन सकती है। स्वच्छता का ध्यान न रखने पर हम बैक्टीरियल , फंगल इन्फेक्शन एवं गम्भीर बीमारी से घिर सकते हैं। PCOD यानी पॉलिसिस्टिक ओवरी डिजीज महिलाओं में होनेवाली आम समस्या के बारे में भी विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। सभी से अपील की कि अपने घर, ऑफिस एवं आस-आस की महिलाओं एवं किशोरियों को इस दौरान स्वच्छता का ध्यान एवं जानकारी देकर जागरूक करें। जिससे महिलायें स्वस्थ जीवन व्यतीत करें एवं बीमारियों से दूर रहें।

# नगर पंचायत भीमताल एवं जल संस्थान विभाग जल्द आपसी समन्वयन बिठाकर स्थानीय सभी लोगों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराए

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच

भीमताल-भीमताल नगर पंचायत के नवनिर्वाचित वार्ड 3 का बिलासपुर क्षेत्र पिछ्ले कई समय से पेयजल की मार झेल रहा है जल संस्थान के उपभोक्ता सभी बिलासपुर वासी पाईप लाईन में पानी के प्रेशर की कमी की मार झेल रहे हैं
लोगों का कहना कि विभाग जल वितरण प्रणाली पर ठीक से कार्य नहीं कर रहा है जिसके चलते उन्हें दूर दराज जल स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है साथ ही पूर्व में जिला पंचायत से बनी पेयजल योजना पर अभी
2 माह पूर्व नगर पंचायत भीमताल ने सरकारी वित्त से पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया किन्तु भगत परिवार, मेहता परिवार जो इस लाईन से पूर्व से जुड़े थे उनके नल आज सूखे पड़े है लोगों का कहना है नगर प्रशासन की अनदेखी कार्यप्रणाली के चलते आज 2 माह से नल सूखे पड़े है बार-बार विभाग को अवगत कराने के बाद भी पानी नहीं दिया जा रहा है, जिसको लेकर स्थानीय बिलासपुर वासियों ने नगर के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी से शिकायत की, लोगों की दैनिक जीवन से जुड़ी पीड़ा को देखते बृजवासी ने जल संस्थान विभाग एवं नगर प्रशासन के अधिकारियों से तत्काल पेयजल लाईनों में सुधार कर सभी बिलासपुर वासियों को पेयजल उपलब्ध कराने कि माँग की, आशा है दोनों विभाग आपसी समन्वयन बनाकर नवनिर्वाचित वार्ड की पेयजल समस्या शीघ्र हल करेगा अन्यथा विभागों को लोगों के रोष का सामना करना पड़ेगा
जिसका जिम्मेदार विभाग रहेगा द्य मांग करने वालों में राजेन्द्र सिंह भगत, संतोष मेहता, प्रदीप मेहता, मोहित भगत, राहुल सिंह मेहता, हिमांशु मेहता, हिमानी मेहता, हर्षिता भगत, रोहित आर्या, भरत जोशी आदि थे

# एमबी इन्टर कालेज में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित रोजगार मेले का केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच



हल्द्वानी- केन्द्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम देश में रोजगार पहलों को गति देने हेतु बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में उपयुक्त रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पूरे देश में रोज़गार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा भविष्य में इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन प्रदेश के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र में किया जायेगा। मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि देश के युवाओं के लिए नये-नये अवसरों का निर्माण सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने केन्द में 10 लाख नौकरियों में भर्तीयों की घोषणा की थी जिसमें अभी तक 3 लाख 59 हजार लोगों को केन्द्र में रोजगार मिल चुका है बाकि शेष लोगों को दिसम्बर 2023 तक रोजगार मुहैया करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा हमें खाली नही बैठना है अपने जीवन में कुछ ना कुछ करते रहना होगा। कार्य करने से ही हमें प्रतिभा प्राप्त होती है।
निदेशक कौशल विकास एवं सेवायोजन हरवीर सिंह ने कहा कि रोजगार मेले में कुल 12 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार हेतु 954 युवाओं द्वारा प्रतिभाग कर 445 युवाओं ने पंजीकरण कराया। जिसमें से 406 युवाओं को अन्तिम रूप से चयनित किया गया जिसमें से चयनित कुछ युवाओं के अभिलेख अपूर्ण थे उन्हें कम्पनियों ने अभिलेख पूर्ण कर बुलाया गया है। रोजगार मेले में 21 युवाओं को नियुक्ति पत्र मौके पर दिये गये। हरवीरसिंह ने कहा कि सरकार द्वारा युवा रोजगार मेले के साथ ही किसान सम्मेलन एवं महिला कल्याण सम्मेलनों का आयोजन प्रदेश के जनपदों मे किया जायेगा। इस सम्मेलनों के द्वारा रोजगार के साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ ही लोगों की आर्थिकी मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। इस अवसर पर मेयर डा0 जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला,मुकेश बेलवाल, प्रताप रैक्काल, किशोर जोशी, लक्ष्मण खाती, प्रदीप बिष्ट, शान्ति भट्ट, कृपाल मेहरा, दीपक पाण्डे, नीरज पंत, कार्तिक हर्बोला, दीवान राम, पनराम, हेमंत नरूला, बसंत सनवाल, भुवन जोशी के साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह,सहायक निदेशक सेवा योजन यशवन्त सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरेन्द मिश्रा, तहसीलदार सचिन कुमार के साथ ही सैकडों की संख्या में युवा उपस्थित थे।

# यूथ कांग्रेस हल्द्वानी विधानसभा की कार्यकारिणी का विस्तार हुआ




राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच

हल्द्वानी-यूथ काग्रेस ने स्वराज आश्रम में बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने की। हल्द्वानी विधान सभा अध्यक्ष मोकिन सैफी ने जिला अध्यक्ष हर्षित भट्ट व प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति से विधानसभा कार्यकारणी का विस्तार किया
जिसमे विधानसभा उपाध्यक्ष की सुमित कुमार अनस मिकरानी मंशी प्रकाश अरमान खान की जिम्मेदारी दी गयी। जबकि विधानसभा महासचिव के पद सोनू आंसारी आकांक्षा सिंह पुष्पा देबी काजल फाजिल आंसारी पंकज कुमार सतेंद्र मुल्तानी विलाल अहमद आरिफ नितिन पनेरू को दी गई है। बैठक को सम्बोधित करते प्रदेश सहप्रभारी आभव्या सिंह ने बूथ जोड़ों यूथ जोड़ो कार्यक्रम पर जोर दिया तत्काल सभी बूथों को मजूबती से कार्य मे जुटने की अपील की। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया।कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू मीमांशा आर्या आसिफ़ आली अमन सिदिकी राधा आर्या सचिन राठौर मोनू चौहान मयंक गोस्वामी सुहैल सीड हाजी नाज़िम जावेद मालिक आदि थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com